# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**रोहतक**

**गुरुवार, 17 अप्रैल 2025**

वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 76
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 41.8
न्यून. 21.2

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77,044.29 | 309.40 ▲ |
| निफ्टी | 23,437.20 | 108.65 ▲ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 98,100 /- | 1650/- ▲ |
| चांदी | 99,400/- | 1900/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 85.64 | 16 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 65.22/ बैरल | 0.91% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## आईपीएल में आज



मुंबई इंडियंस
V/S
सनराइज हैदराबाद
- : समय :-
7.30 PM
- : स्थान :-
मुंबई

# मानवाधिकार आयोग की अधिकारियों को फटकार, सिर्फ रेवाड़ी में खुला वृद्धाश्रम, बाकि जिलों में सुस्त रफ्तार पर जताई चिंता

### बुजुर्गों और बेसहारा लोगों के लिए सभी जिलों में वृद्धाश्रम खोलने का लिया था फैसला, अभी तक 21 जिलों में नहीं हुआ कोई काम

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश में बुजर्गों और बेसहारा लोगों के लिए सभी 22 जिलों में वृद्धाश्रम खोलने का फैसला किया गया था। लेकिन अभी तक सिर्फ रेवाड़ी में ही वृद्धाश्रम खोला गया है। उसकी भी हालत ठीक नहीं है। यहां 170 लोगों के रहने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन सिर्फ 12 लोग ही यहां रह रहे हैं। हरियाणा मानवाधिकार आयोग (एचएचआरसी) ने इसको लेकर जांच की तो बेहद चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इसमें पता चला कि पूरे प्रदेश में सिर्फ एक वृद्धाश्रम चालू है। आयोग ने सभी जिलों में बनने वाले वृद्धाश्रम की समीक्षा की, जिसके बाद उससे संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर फटकार भी लगाई। सरकार की रिपोर्ट के मुताबिक, 1 अप्रैल तक कई जिलों में जमीन भी चिन्हित नहीं की जा सकी। इस मामले को लेकर मानवाधिकार आयोग 31 जुलाई को सुनवाई करेगा।

## रेवाड़ी के आश्रम में भी हालात ठीक नहीं, सुविधाओं से वंचित

### रिपोर्ट में यह दी जानकारी

- एचएचआरसी की 1 अप्रैल को सौंपी गई वस्तुस्थिति रिपोर्ट के मुताबिक, पांच जिलों-झज्जर, पलवल, पानीपत, रोहतक और सिरसा में वृद्धाश्रम के निर्माण के लिए अभी तक भूमि की पहचान नहीं की गई।
- **गुरुग्राम, कैथल, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़ और नूंह जैसे जिलों ने जमीन चिह्नित कर ली है और निर्माण प्रक्रिया शुरू कर दी है।**
- फरीदाबाद, फतेहाबाद, हिसार, जींद, कुरुक्षेत्र, सोनीपत और यमुनानगर जैसे जिलों में निर्माण संबंधी मंजूरी न मिलने से निर्माण कार्य अटका हुआ है।
- **करनाल (स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत) और पंचकूला (माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड की देखरेख में) में वृद्धाश्रम का निर्माण कार्य जारी है।**



**रेवाड़ी में ऐसा हाल**

एचएचआरसी के प्रोटोकॉल-सह-सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी पुनीत अरोड़ा ने कहा, आयोग ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रेवाड़ी वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया और पाया कि 170 निवासियों के लिए बनाए गए इस आश्रय स्थल में केवल 12 वरिष्ठ नागरिक (नौ पुरुष और तीन महिलाएं) रह रहे थे। इसके अलावा, स्वच्छता की स्थिति भी चिंताजनक मिली, क्योंकि रसोई और शौचालय गंदी स्थिति में थे तथा साफ-सफाई के लिए केवल एक 'सफाई सेवक' तैनात था, जो इतने बड़े परिसर में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए अपर्याप्त था।

**यह नियम लागू किया था :** एचएचआरसी अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा, न्यायिक सदस्य कुलदीप जैन और सदस्य दीप भाटिया की सदस्यता वाली पीठ ने हरियाणा में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण/कल्याण अधिनियम, 2007' की धारा 19 लागू की थी, जिसके तहत हर जिले में वृद्धाश्रम अनिवार्य है।

**यह निर्देश जारी किए :** अरोड़ा ने कहा कि आयोग ने हाल ही में एक आदेश में इस बात की पुष्टि की कि बुजुर्गों के लिए सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य का संवैधानिक एवं नैतिक दायित्व है। आयोग ने वरिष्ठ अधिकारियों को राज्यभर में वृद्धाश्रम के निर्माण की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करने और उसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। इन अधिकारियों में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) पंचकूला के मुख्य प्रशासक, विकास एवं पंचायत विभाग के निदेशक और नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के निदेशक शामिल हैं। आयोग ने संबंधित विभागों को 29 जुलाई तक विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

## खबर संक्षेप

### जेईई-मेन की अंतिम उत्तर कुंजी की प्रतीक्षा करें

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने कहा कि इंजीनियरिंग के इच्छुक अभ्यर्थियों को जेईई-मेन की अंतिम उत्तर-कुंजियों का इंतजार करना चाहिए और अनंतिम उत्तर-कुंजियों में त्रुटियों के बारे में कोई निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए। एजेंसी को संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)-मेन के उत्तरों में कई त्रुटियों के बारे में शिकायतें मिलने की खबरों के बीच यह स्पष्टीकरण आया है। भाषा

### नीट यूजीः पुराने फॉर्मेट पर होगा नीट एग्जाम

**नई दिल्ली।** नीट यूजी 2025 परीक्षा में बड़े बदलाव हो सकते हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) फिर से पुराने पैटर्न पर नीट यूजी कराने की तैयारी कर रही है। उम्मीदवारों को 180 मिनट के भीतर 180 अनिवार्य प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। नीट यूजी एग्जाम 4 मई 2025 को निर्धारित है और यह 13 क्षेत्रीय भाषाओं में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### दिल्ली की कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका स्थित अदालत परिसर में बम की धमकी मिलने के बाद उसे खाली कराकर तलाशी अभियान शुरू किया गया। पुलिस के अनुसार, कोर्ट के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को रात तड़के तीन बजकर 11 मिनट पर ईमेल मिला था, जिसमें अदालत परिसर में बम रखे होने की सूचना दी गई थी। अदालत ने बुधवार पूर्वाह्न करीब 10 बजकर 50 मिनट पर पुलिस को फोन किया। श्वान और बम निरोधक दस्ते को घटनास्थल पर भेज दिया गया है व हम गहन जांच कर रहे हैं। भाषा

### मणिकर्णिका में रील के चक्कर में बही महिला

**मणिकर्णिका।** उत्तरकाशी के मणिकर्णिका में रील बनाते वक्त एक महिला भागीरथी नदी में बह गई। हादसे के वक्त महिला की मासूम बच्ची 'मम्मी-मम्मी... चिल्लाती रही। अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।14 अप्रैल को मणिकर्णिका में महिला नदी में डूब गई। नेपाली मूल की विशेषता घाट पर गई थी। रील के चक्कर में नदी में डूब गई। एजेंसी

### दीवानी विवाद में आपराधिक मामला दर्ज करना अस्वीकार्य

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के दो पुलिस अधिकारियों पर दीवानी प्रकृति के संपत्ति विवाद में प्राथमिकी दर्ज करने पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया। पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत में दीवानी विवादों में प्राथमिकी दर्ज करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं की बाढ़ आ गई है व यह प्रथा (दीवानी मामलों में प्राथमिकी) अनेक निर्णयों का उल्लंघन है। भाषा

### संगीत में एआई के दुरुपयोग पर चिंता

**मुंबई।** संगीतकार एआर रहमान का कहना है कि संगीत में एआई के इस्तेमाल के अच्छे और बुरे दोनों पहलू हैं, लेकिन अगर इसे नियंत्रित नहीं किया गया तो अराजकता फैल जाएगी। वे संगीत में नई तकनीक के इस्तेमाल के खिलाफ नहीं हैं और फिल्म लाल सलाम के एक गीत 'थिमिरी येझुदा' के लिए दिवंगत गायकों की आवाज के लिए एआई सॉफ्टवेयर इस्तेमाल किया। एजेंसी

### वक्फ कानून पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट का केंद्र से सवाल

# क्या मुस्लिम भी अब हिंदू ट्रस्ट का हिस्सा बन सकेंगे

### वक्फ घोषित संपत्तियों को अभी गैर अधिसूचित न किया जाए, मामले की आज फिर होगी सुनवाई

## शीर्ष अदालत ने कहा- कानून विरोधी प्रदर्शनों में हिंसा व्यथित करने वाली, इसे रोका जाए

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। इस कानून के खिलाफ 100 से ज्यादा याचिकाएं लगाई गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और केंद्र सरकार से जवाब तलब किया है। सुनवाई के दौरान शीर्ष कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि क्या मुसलमानों को हिंदू धार्मिक ट्रस्टों का हिस्सा बनने की अनुमति दी जाएगी। इसके साथ ही अदालत ने प्रस्ताव रखा कि 'उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ' सहित वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित नहीं किया जाए, लेकिन केंद्र ने इस सुझाव का विरोध किया और इस तरह के निर्देश से पहले सुनवाई की अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून के विरोध में देशभर में हो रही हिंसा पर चिंता जताई। इस पर एसजी ने कहा कि ऐसा नहीं लगना चाहिए कि हिंसा का इस्तेमाल दबाव डालने के लिए किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि हम इस पर फैसला करेंगे।

### सीजेआई ने उठाए सवाल

चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार और के वी विश्वनाथन की बेंच ने इस अधिनियम पर कई सवाल उठाए। विशेष रूप से, बेंच ने 'वक्फ बाय यूजर' की प्रथा पर सवाल किया। 'वक्फ बाय यूजर' का मतलब है कि अगर कोई संपत्ति लंबे समय से धार्मिक या धर्मार्थ कार्यों के लिए इस्तेमाल हो रही है, तो उसे वक्फ माना जाएगा, भले ही उसके कोई औपचारिक कागजात न हों।



### अदालत का यह मत

- नए कानून में यह है कि अगर वक्फ की कोई संपत्ति पर विवाद हो गया तो जब तक जिलाधिकारी उस पर अपना आखिरी फैसला नहीं सुना देता, उस संपति के वक्फ का दर्जा रद्द माना जाएगा। अदालत का मत था कि जिलाधिकारी इस सिलसिले में नए कानून के हिसाब से अपनी कार्यवाही जारी रख सकता है, मगर नए प्रावधान फिलहाल लागू नहीं होंगे।

### सरकार को यह दिक्कत

- अदालत ये आदेश भी जारी करने वाला था कि पदेन सदस्यों के अलावा वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ काउंसिल के बाकी सभी सदस्य मुसलमान होने चाहिए। पर यहां भी सरकार को दिक्कत आई। सरकार की आपत्ति के बाद अदालत ने गुरुवार की सुनवाई में अंतिरम आदेश पर विचार करने का फैसला लिया। तभी कोई निर्देश जारी होंगे।

### सुप्रीम कोर्ट में यह हुआ

- अदालत के अंतरिम आदेश में सबसे अहम ये था कि जब तक वह वक्फ संशोधन कानून 2025 पर अपना अंतिम फैसला नहीं सुना देती। ऐसी कोई भी संपत्ति जिसे अदालत ने वक्फ घोषित कर रखा है, उनका वक्फ का दर्जा खत्म नहीं जा सकता। चाहे वो 'वक्फ बाय यूजर' हो या फिर टवक्फ बाय डीड'।
- 'वक्फ बाय यूजर' का मतलब ऐसी संपत्ति से है जो धार्मिक कार्यों में इस्तेमाल हो रही हों ऐसी संपत्ति अब तक वक्फ मानी जाती थी, क्योंकि वे लंबे अरसे से एक धर्म विशेष के कामकाज का हिस्सा थीं। पर नए कानून के बाद ये व्यवस्था खत्म हो गई है। अब इस्तेमाल में आ रही इन संपत्तियों का भी नए सिरे से रजिस्ट्रेशन कराना होगा। सिंघवी ने कहा कि इस कानून का देशव्यापी प्रभाव है। इसे हाईकोर्ट न भेजा जाए।



आईएसएसएफ विश्व कप : **झज्जर की बेटियां छाईं**

# सुरुचि ने लगातार दूसरी बार गोल्ड जीता, भाकर की चांदी

*दोनों युवा निशानेबाजों ने 10 मीटर एयर स्पर्धा में लहराया परचम*

*पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में सौरभ चौधरी को कांस्य*

**लीमा (पेरू) (भाषा)।** आईएसएसएफ विश्व कप में हरियाणा में झज्जर की बेटियों ने इतिहास रच दिया। 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में युवा निशानेबाज सुरुचि इंदर सिंह अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता। वहीं, मनु भाकर ने रजत पदक जीतकर प्रतियोगिता में भारत का दबदबा कायम रखा। ब्यूनस आयर्स में हाल में साल के पहले विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली झज्जर के गांव सासरौली निवासी 18 वर्षीय सुरुचि ने 24 शॉट के फाइनल में 243.6 का स्कोर बनाकर झज्जर के ही गौरिया गांव की मनु को 1.3 अंक से पीछे छोड़ा। चीन की याओ कियानक्सुन ने कांस्य पदक जीता। सुरुचि और मनु के पोडियम पर पहुंचने का मतलब था कि भारत ने इस दिन प्रत्येक रंग का एक पदक जीता, जिसमें पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के निशानेबाज सौरभ चौधरी का कांस्य पदक भी शामिल है।

### भारत शीर्ष पर



पेरू की राजधानी में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में शानदार प्रदर्शन के कारण भारत तीन पदकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। उसके बाद चीन का नंबर आता है जिसने पुरुषों की एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में 60 शॉट के क्वालीफिकेशन राउंड में सुरुचि ने 582 अंक बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया था, जबकि मनु ने 578 अंक बनाकर चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। भारत की एक अन्य निशानेबाज सैन्यम 571 अंक के साथ 11वें स्थान पर रही।

### निशानेबाजों की प्रगति से खुश : भाकर

मनु भाकर ने कहा कि वह भारतीय निशानेबाजों की प्रगति से खुश हैं और उन्होंने सुरुचि को उनके दूसरे विश्व कप स्वर्ण पदक के लिए बधाई भी दी। 'मैं यह देखकर खुश हूं कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक भारतीय निशानेबाज आगे आ रहे हैं और बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे मुझे लगता है कि भारत सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।' 'हम सभी सुरुचि के नाम से परिचित हैं। उसने ब्यूनस आयर्स (विश्व कप) के साथ-साथ यहां भी असाधारण प्रदर्शन किया। इसलिए मैं उसके लिए वास्तव में खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि यह लंबे समय इस तरह के प्रदर्शन को जारी रखेंगी।

# गुरुग्राम भूमि घोटाला : वाड्रा से दूसरे दिन पांच घंटे पूछताछ

**नई दिल्ली (भाषा)।** कारोबारी एवं राहुल गांधी के बहनोई रॉबर्ट वाड्रा 2008 के गुरुग्राम भूमि सौदे से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार लगातार दूसरे दिन लगाताद पांच घंटे पूछताछ की। उन्हें गुरुवार को फिर पूछताछ के लिए तलब किया है। वाड्रा को उनकी पत्नी एवं केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी ईडी कार्यालय छोड़ने आईं। वाड्रा के ईडी कार्यालय के अंदर जाने से पहले दोनों गले मिले। वाड्रा ने ईडी कार्यालय के बाहर आने के बाद कहा कि यह कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोध के कारण की जा रही है। उन्हें दावा किया कि देश के लोग अब जांच एजेंसियों पर भरोसा नहीं करते। मैं समय आने पर राजनीति में उतरूंगा।



**एक दिन पहले भी हुई पूछताछ**
मंगलवार को वाड्रा से 6 घंटे पूछताछ की गई और पीएमएलए के तहत बयान दर्ज किए। वाड्रा के खिलाफ यह जांच मानेसर-शिकोहपुर (अब गुरुग्राम में सेक्टर 83) में एक भूमि सौदे से जुड़ी है। जांच फरवरी 2008 में हुए एक भूमि सौदे से संबंधित है।

# एनसीईआरटी की 4,000 से अधिक फर्जी किताबें जब्त

- दिल्ली में आरोपित गिरफ्तार, रोहिणी का रहने वाला है
- दोबारा बिक्री के लिए कई जगह से फर्जी किताबें खरीदी

**नई दिल्ली(भाषा)।** दिल्ली पुलिस ने बाहरी-उत्तरी दिल्ली के समयपुर बादली में छापेमारी कर राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की 4,000 से अधिक फर्जी पुस्तकें जब्त की हैं। इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि आरोपित की पहचान रोहिणी सेक्टर 16 निवासी अरविंद गुप्ता (33) के रूप में हुई है, जिसने कथित तौर पर दिल्ली में पुनर्बिक्री के लिए कई स्रोतों से फर्जी किताबें खरीदी थीं। पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर 12 अप्रैल को समयपुर बादली में एक दुकान पर छापा मारकर गुप्ता को गिरफ्तार किया था। तब एनसीईआरटी की कुल 4,091 फर्जी किताबें जब्त की गईं। आरोपी दिल्ली और आस-पास के राज्यों में विभिन्न प्रिंटिंग प्रेस से नकली किताबें मंगाकर उन्हें बेचते थे। इन पर केस दर्ज कर लिया है।

### देश के दूसरे दलित चीफ जस्टिस बनेंगे, सात माह का रहेगा कार्यकाल

# भारत के अगले सीजेआई होंगे जस्टिस बीआर गवई

**नई दिल्ली (भाषा)।** सीजेआई संजीव खन्ना ने बुधवार को केंद्रीय कानून मंत्रालय से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई (बीआर गवई) को अगला सीजेआई नियुक्त करने की सिफारिश की। न्यायमूर्ति गवई मौजूदा सीजेआई के बाद वरिष्ठतम न्यायाधीश हैं। वह 14 मई को 52वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। सीजेआई खन्ना 13 मई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। न्यायमूर्ति गवई को 24 मई, 2019 को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। प्रधान न्यायाधीश के रूप में उनका कार्यकाल छह महीने से अधिक होगा और वह 23 नवंबर, 2025 को सेवानिवृत्त होंगे। पिछले साल 11 नवंबर को 51वें सीजेआई के रूप में शपथ लेने वाले न्यायमूर्ति खन्ना ने आज केंद्रीय कानून मंत्रालय से न्यायमूर्ति गवई को अगला सीजेआई नियुक्त करने की सिफारिश की। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष है। जस्टिस गवई देश के दूसरे दलित सीजेआई होंगे। उनसे पहले जस्टिस केजी बालाकृष्णन भारत के मुख्य न्यायाधीश बने थे।



### अमरावती में जन्मे

- अमरावती में 24 नवंबर 1960 को जन्मे न्यायमूर्ति गवई को 14 नवंबर 2003 को बंबई उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। वह 12 नवंबर 2005 को उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश बने।
- न्यायमूर्ति गवई सुप्रीम कोर्ट में कई संविधान पीठों का हिस्सा रहे हैं महत्वपूर्ण फैसले सुनाए हैं।
- वह 16 मार्च 1985 को बार में शामिल हुए। नागपुर निगम, अमरावती नगर निगम व अमरावती विश्वविद्यालय के स्थायी वकील थे।
- अगस्त 1992 से जुलाई 1993 तक उन्हें बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ में सहायक सरकारी वकील और अतिरिक्त लोक अभियोजक के रूप में नियुक्त किया गया।

**टिप्पणी** सुप्रीम कोर्ट ने कहा, भाषा को किसी धर्म से जोड़कर देखना गलत

*भाषा संस्कृति और समाज की सभ्यता का होती है मापदंड यह किसी धर्म की नहीं, बल्कि समुदाय, क्षेत्र और लोगों की*

# उर्दू भारत की मिट्टी की भाषा हिंदी भी इसके बिना अधूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के अकोला जिले के पाटुर नगर परिषद के बोर्ड पर मराठी के साथ उर्दू भाषा के उपयोग को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। मंगलवार को कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि भाषा का धर्म नहीं होता और उर्दू को केवल मुसलमानों की भाषा मानना सच्चाई और भारत की विविधता की एक दुर्भाग्यपूर्ण गलतफहमी है। यह याचिका पूर्व नगरसेविका वर्षाताई संजय बगाड़े ने दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि नगर परिषद का कार्य केवल मराठी में ही हो सकता है और उर्दू का उपयोग बोर्ड पर भी नहीं होना चाहिए। पहले यह याचिका नगर परिषद और फिर बॉम्बे हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी। अंत में याचिकाकर्ता सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि भाषा किसी धर्म की नहीं, बल्कि समुदाय, क्षेत्र और लोगों की होती है। भाषा संस्कृति होती है और समाज की सभ्यतागत यात्रा का मापदंड होती है। उर्दू भाषा गंगा-जमुनी तहजीब की सबसे बढ़िया मिसाल है और इसका जन्म भारत की भूमि पर हुआ है।



### हर भाषा से दोस्ती करें

सुप्रीम कोर्ट ने इस भ्रांति पर भी टिप्पणी की कि उर्दू को विदेशी या केवल एक धर्म विशेष की भाषा मानना पूरी तरह गलत है। कोर्ट ने कहा, हकीकत ये है कि हिंदी भाषा का दैनिक उपयोग भी उर्दू शब्दों के बिना अधूरा है। खुद 'हिंदी' शब्द भी फारसी शब्द 'हिंदवी' से आया है। हिंदी और उर्दू के बीच का विभाजन औपनिवेशिक काल में धर्म के आधार पर किया गया था, जो आज भी एक बड़ी गलतफहमी के रूप में मौजूद है। हमें अपने पूर्वग्रहों की सच्चाई से टकराने की जरूरत है। आइए, हम उर्दू और हर भाषा से दोस्ती करें।

### उर्दू के उपयोग पर प्रतिबंध नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2022 के महाराष्ट्र लोक प्राधिकरण (राजभाषा) अधिनियम में उर्दू भाषा के उपयोग पर कोई प्रतिबंध नहीं है। सिर्फ मराठी का उपयोग अनिवार्य है, लेकिन उसके साथ अन्य भाषा के उपयोग की मनाही नहीं है। अतः याचिका कानून की गलत व्याख्या पर आधारित है और इसे खारिज किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक पांच मई को

**चंडीगढ़।** हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में 5 मई, 2025 को दोपहर 2.00 बजे हरियाणा सिविल सचिवालय, चंडीगढ़ की चौथी मंजिल पर स्थित मुख्य समिति कक्ष में होगी।

### ईडी ने अध्ययन के बाद ही राहुल व सोनिया को चार्जशीट किया : विज

चंडीगढ़। ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी द्वारा राहुल गांधी और सोनिया गांधी को चार्जशीट करने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ईडी ने सारा मामला स्टडी करके इन्हें अपनी बात रखने का सारा मौका दिया है। अब जो अनियमितताएं है जोकि सारा देश भी जनता है। ईडी ने आगे की कार्रवाई के लिए चार्जशीट दाखिल की है। विज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। वक्फ बोर्ड बिल संशोधन को लेकर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में दंगे हुए हैं जिस पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि जिस प्रकार से पश्चिम बंगाल में दंगे हो रहे हैं हिंदुस्तान में ही हिंदुओ को पलायन करना पड़ रहा है।

### ऐतिहासिक होगी 20 मई की देशव्यापी हड़ताल

**चंडीगढ़।** देश के मजदूरों की दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और केन्द्र एवं राज्य सरकार के कर्मचारियों के अखिल भारतीय महासंघों ने 20 मई को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल का आह्वान किया है। हरियाणा के प्रमुख मजदूर एवं कर्मचारी संगठनों ने राज्य स्तरीय मीटिंग आयोजित कर हड़ताल में शामिल होने का ऐलान किया है। यह जानकारी देते हुए अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने बताया कि हड़ताल की ऐतिहासिक सफलता सुनिश्चित करने के लिए 25 अप्रैल तक सभी जिलों में कर्मचारी एवं मजदूर संगठनों की संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी।

### बिजली निगम ने कई कार्यक्रम शुरू किए

**चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ता संतुष्टि' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किये गए हैं ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके। बिजली निगम प्रवक्ता ने बताया कि उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार में एक लाख रुपये से अधिक और तीन लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। रोहतक जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों नामतः करनाल, पानीपत, सोनीपत, झज्जर और रोहतक के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण रोहतक जोन की उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की कार्रवाई 17 अप्रैल को रोहतक में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोहतक जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों के उपभोक्ताओं के गलत बिलों, बिजली की दरों से सम्बंधित मामलों की सुनवाई की जाएगी।

# लिंगानुपात सुधारने के लिए विशेष कवायद, हर जिले में डीएसपी तैनात होंगे

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़


लिंगानुपात में गिरावट रोकने को लेकर एक तरफ जहां मुख्यमंत्री व सेहत मंत्री पूरी तरह से गंभीर हैं। वहीं आने वाले दिनों में हर जिले में इस क्रम में विशेष प्रकोष्ठ के माध्यम से पैनी नजर रखने की तैयारी है, इस क्रम में पुलिस प्रमुख को एक पत्र भेजकर डीएसपी रैंक का अफसर तैनात करने की अपील की है। इसके अलावा अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर पूरी तरह से पारदर्शी व्यवस्था रखने और गर्भवती महिलाओं में जनजागरण को लेकर भी मुहिम तेज होगी। हरियाणा स्वास्थ्य विभाग प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीएनडीटी) अधिनियम उल्लंघन की सूरत में पैनी नजर रखने और सख्त से सख्त कार्रवाई की तैयारी में जुट गया है। हर जिले में डीएसपी रैंक के अधिकारी की अध्यक्षता विशेष पुलिस प्रकोष्ठ स्थापित किए जाने के लिए राज्य के पुलिस प्रमुख को पत्र भेजा जा रहा है।गर्भधारण-पूर्व एवं प्रसव-पूर्व निदान तकनीक (पीएनडीटी) अधिनियम का उल्लंघन नहीं हो और लिंगानुपात में गिरावट पर तुरंत ही ब्रेक लगाने के लिए अभ राज्य मुख्यमंत्री आफिस में तैनात आला अफसर भी सख्ती के मूड में हैं।

### गत पांच साल के आंकड़ों का अध्ययन किया जाएगा

*लगातार गिरावट और खराब प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों की पहचान करने के लिए गत पांच साल के दौरान ग्राम स्तर पर लिंगानुपात के आंकड़े संकलित किए जाएंगे। यह कदम राज्य में कन्या भ्रूण हत्या पर अंकुश लगाने के सरकार के प्रयासों के तहत उठाया जायेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मुखिया (संयोजक) ने साफ कर दिया था कि ''हम राज्य में पीसीपीएनडीटी अधिनियम को सख्ती से लागू कर रहे हैं और परिणामस्वरूप 300 एमटीपी केंद्रों के पंजीकरण रद्द कर दिए गए हैं। इसके अलावा काफी स्वेच्छा से वापस ले लिए हैं।*

### स्वास्थ्य विभाग ने डीजीपी को पत्र भेजा

*लिंगानुपात में कमी को थामने की दिशा में निर्णायक कदम उठाने की तैयारी है, इस क्रम में सबसे पहले स्वास्थ्य विभाग की ओर से डीजीपी को पत्र भेजकर हर जिले में डीएसपी रैंक अफसर के नेतृत्व में सहयोग के लिए खास टीम गठन की मांग की गई है। कन्या भ्रूण हत्या में शामिल लोगों पर शिकंजा कसने और इस तरह की गतिविधियों को हरियाणा में पूरी तरह से बंद करने की दिशा में मुहिम तेज होने जा रही है। एक दिन पहले ही इस दिशा में एसटीएफ की भी हो चुकी है। भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग वर्तमान में छापेमारी के दौरान पुलिस का सहयोग बेहद जरूरी है। वर्तमान सेहत मंत्री आरती राव और पूर्व में स्वास्थ्य विभाग की कमान संभालकर लिंगानुपात को लेकर बड़ी कार्रवाई करने वाले वरिष्ठ नेता और मंत्री विज मानते हैं कि पुलिस के बिना सहयोग के इस पर सौ फीसदी रोक संभव नहीं है। इसलिए हर जिले में डीएसपी स्तर का एक अफसर जरूरी है, ताकि समय रहते सहायता मिल सके।स्वास्थ्य विभाग ने निर्देश दिए हैं कि सभी गैर-पंजीकृत आईवीएफ (इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन) केंद्रों को बंद कर दिया जाए। जिन केंद्रों में लिंगानुपात में गड़बड़ी पाई जाएगी उनकी जांच की जानी चाहिए ताकि इस तरह की गतिविधियों पर जांच के बाद कार्रवाई हो।*



### हाल ही में हुई थी कार्रवाई

गत सप्ताह ही हिसार जिले में पीएनडीटी नोडल अधिकारी को निलंबित कर दिया और रेवाड़ी, भिवानी, जींद, करनाल, नूंह, फरीदाबाद, फतेहाबाद, महेंद्रगढ़, हिसार, करनाल और कुरुक्षेत्र में कम लिंगानुपात को लेकर 12 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों (एसएमओ) को कारण बताओ नोटिस थमाए गए थे। सबसे कम लिंगानुपात वाले पांच जिलों चरखी दादरी, रेवाड़ी, रोहतक, गुरुग्राम और फरीदाबाद के पीएनडीटी नोडल अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से बदल दिया गया था।

### पीएम कर चुके प्रशंसा

हरियाणा में गिरते लिंगानुपात और बेटियों की कम संख्या को लेकर देश के पीएम नरेंद्र मोदी की अपील के बाद में बेहद कारगर अभियान चला और हरियाणा ने देशभर में नाम कमाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ मुहिम की शुरुआत हरियाणा पानीपत की धरती से की थी। जिसके बाद में सुधार हुआ और हरियाणा की प्रशंसा भी हुई थी। लेकिन 2024 के आंकड़े ने एक बार फिर से चिंता बढ़ा दी है। हरियाणा में 1000 लड़कों के पीछे लड़कियों की संख्या 927 से घटकर 910 रह गई है।

### ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए

# बिजली उपभोक्ताओं के बिल आधार कार्ड से लिंक किए जाएंगे, हर सप्ताह सुनेंगे समस्याएं

- सर्कल कार्यालयों में उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनने के लिए बिजली अदालतें लगाई जाएंगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के बिल आधार कार्ड से लिंक किए जाएंगे। साथ ही, उन्होंने उपभोक्ताओं के गलत बिलों को एक महीने में ठीक करने के अधिकारियों को निर्देश भी दिए। विज ने यह जानकारी आज यहां ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में दी। ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक सर्कल कार्यालयों में उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनने के लिए बिजली अदालत लगाई जाए। जिसमें उपभोक्ताओं के गलत बिल, रीडिंग, खराब मीटर इत्यादि से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। विज ने यह भी निर्देश दिए कि बिजली कार्यालयों में उपभोक्ताओं को अच्छी जन सुविधाएं प्रदान की जाए। उनके बैठने के लिए बैंच, पीने के लिए पानी और गर्मी को देखते हुए छाया का प्रबंध भी किया जाए। इस अवसर पर ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अपूर्व कुमार सिंह, एडीजीपी अमिताभ सिंह ढिल्लो, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ए. श्रीनिवास व उतर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अशोक कुमार मीणा मौजूद रहे।

#### कोर्ट स्टे केस की निगरानी के लिए सेल बनाई जाए

अनिल विज ने कहा कि लोगों को बिजली के बिल भरने के लिए विभिन्न माध्यमों से अधिक से अधिक जागरूक किया जाए। ताकि लोग अपना बिजली का बिल समय पर भरे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऊर्जा विभाग में कोर्ट स्टे वाले केसों की निगरानी के लिए एक सेल बनाया जाए, जो प्रत्येक केस की निगरानी रखेगा।

#### कदम उठाएं
#### सब डिवीजन स्तर पर पर्याप्त उपकरण हों

विज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सब डिवीजन पर बिजली उपकरण जैसे ट्रांसफार्मर, तारे, कंडक्टर, खम्बे आदि की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होनी चाहिए। इसके साथ ही गाडी की व्यवस्था और कर्मचारियों के सेफ्टी किट भी उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर को 1 घंटे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 2 घंटे में ठीक किया जाए। श्री विज ने कहा कि बिजली के बिल न भरने वाले लोगो के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर रिकवरी करवाई जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में पावर ब्रेक डाउन, फॉल्ट, ट्रांसफार्मर की सर्विस का पूरा ध्यान रखा जाए।

# संपत्ति कर गलत तरीके से आंका, निगम को 5 हजार मुआवजा देने के निर्देश

- हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने शिकायतकर्ता के पक्ष में लिया फैसला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में नगर निगम फरीदाबाद की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए शिकायतकर्ता को 5 हजार रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। फरीदाबाद निवासी राजा राम द्वारा आयोग के समक्ष यह शिकायत दर्ज कराई गई थी कि नगर निगम फरीदाबाद द्वारा उनका संपत्ति-कर गलत तरीके से अत्यधिक मात्रा में आंका गया है। उन्होंने बताया कि कर निर्धारण में पारदर्शिता नहीं बरती गई और बार-बार अनुरोध के बावजूद न तो समय पर सही गणना की गई और न ही उनकी आपत्तियों का समाधान किया गया। आयोग प्रवक्ता ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आयोग ने मामले की जांच के बाद पाया कि भले ही निगम द्वारा संपत्ति कर की पुनर्गणना की, परंतु देरी खेदजनक है।

#### टैक्स घटवाया

उल्लेखनीय है कि नगर निगम फरीदाबाद ने वर्ष 2023-24 के लिए शुरुआत में सोलह लाख छह हजार तीन सौ साठ रुपये सत्तर पैसे का संपत्ति कर निर्धारित किया था, जिसे अब घटाकर सत्तासी हजार तीन सौ अठावन रुपये कर दिया गया है। हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 की धारा 17(1)(एच) के अंतर्गत निहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए, आयोग ने शिकायतकर्ता को 5 हजार रुपये का मुआवजा प्रदान करने का आदेश दिया है। यह मुआवजा नगर निगम फरीदाबाद के कोष से दिया जाएगा। आयुक्त को निर्देश दिया गया है कि राशि बैंक खाते में जमा कराएं।

# मुसलमानों के हक में है वक्फ संशोधन बिल : जमाल सिद्दीकी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

'वक्फ सुधार जन जागरण अभियान' को लेकर बुधवार को भाजपा कार्यालय सोनीपत में प्रदेश कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी, प्रदेश महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा एवं प्रदेश अभियान प्रभारी व प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता उपस्थित रही। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि वक्फ कानून से कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों में बेचैनी बढ़ी हुई है, इसलिए ये लोग मुसलमानों को भ्रमित कर रहे हैं। वहीं अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने वक्फ के एक-एक कानून की जानकारी दी और कहा कि यह कानून मुसलमानों के खिलाफ नहीं है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक बहुत सोच-समझकर लाया गया है। यह किसी के खिलाफ नहीं है। बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग इससे संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने संपत्ति के अधिकारों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जमाल सिद्दीकी ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने वक्फ प्रणाली के जरिए संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने का काम किया।

## सोनीपत निगम मेयर ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं नगर निगम सोनीपत मेयर राजीव जैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को अलग अलग पत्र भेजकर नशे के अवैध कारोबार को खत्म करने के लिए सुझाव दिया है कि जिस मकान, दुकान, पर नशीला पदार्थ पकड़ा जाये या फिर जिस वाहन में ढोया जा रहा हो उसे जब्त करने का कानून बनाया जाए। राजीव जैन ने पत्र में लिखा है कि पहले गौमाता की तस्करी बड़े पैमाने पर होती थी और भरसक प्रयासों के बाद भी रुक नहीं पा रही थी जबसे जिस वाहन में गऊएं ले जाइ जा रही हो उसे जब्त करने का कानून बना तब से नाममात्र की ही गऊओं की तस्करी हो रही है। इसलिए नशा कारोबारियों की कमर तोड़ने के लिए कानून बनना जरुरी है। पंजाब की तर्ज पर हरियाणा में भी नशे का कारोबार पसारता जा रहा है।

# सेम ग्रस्त भूमि को उपजाऊ बनाने पर सरकार का फोकस : कृषि मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



हरियाणा के कृषि, किसान कल्याण, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि सरकार सेम ग्रस्त जमीन को दोबारा उपजाऊ बनाने के लिए गंभीरता के साथ प्रयासरत है और अनुदान आधारित योजनाएं बनाकर लागू कर रही है। श्याम सिंह राणा आज जिला झज्जर में आयोजित खेती किसानी से जुड़े विभागीय अधिकारी, जागरूक किसानों व मत्स्य पालकों की साझा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला झज्जर में सेम ग्रस्त जमीन का सर्वे कर रिपोर्ट तैयार करें। झज्जर जिला में एक लाख 86 हजार 925 एकड़ भूमि सेम ग्रस्त है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष कम से कम दस हजार एकड़ भूमि को सेम ग्रस्त से मुक्त करने का लक्ष्य पूरा करें। मंत्री ने कहा कि सेम ग्रस्त जमीन से निकले लवणीय पानी को मछली पालन के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। इससे किसानों को दोहरा लाभ होगा। जहां पर सेम ग्रस्त भूमि है, उसके पास ही तालाब खोदकर मत्स्य पालन शुरू किया जा सकता है। झींगा मछली के लिए लवणीय पानी सबसे बेहतर माना गया है। इसके लिए सरकार की ओर से अनुदान आधारित योजनाएं बनाकर लागू की गई हैं।


## नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.04.2025 को जिला कारागार रोहतक के बंदियो द्वारा बचाई गई रोटियों सब्जी तथा दाल को उठाने के लिए ठेके पर देने हेतू ई आक्शन के माध्यम से बोली करवाई जाएगी जिसके लिए आप अपना आवेदन **eauction.gov.in** पर जाकर दिनांक 16.04.2025 से दिनांक 21.04.2025 तक कर सकते हैं। टैंडर के सम्बंध में कोई भी बोली दाता ई आक्शन पर जाकर उपरोक्त टैण्डर को एक वर्ष 23.04.2025 से 22.04.2026 तक ले सकते है।

**टैंडर की शर्ते निम्नलिखित है।**

1. स्वीकृति ठेकेदार को बची हुई रोटियो व दाल सब्जी सप्ताह मे दो बार जरूर उठानी होंगी।
2. स्वीकृति ठेकेदार की अवधि एक वर्ष के लिए होगी।
3. नीलामी मे भाग लेने के लिए बोलीदाता को 50000 (पचास हजार रूपए) धरोहर राशि जमा करवानी होगी।
4. यदि स्वीकृत ठेकेदार उपरोक्त शर्तो को तोड़ता है तो इसकी धरोहर राशि जब्त करके ठेके को समाप्त कर दिया जाएगा।
5. अधीक्षक जिला कारागार रोहतक के पास बोली स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार होगा व इस कार्य मे उत्पन्न किसी भी प्रकार के विवाद का निपटारा स्थानीय न्यायालय मे होगा।
6. ठेकेदार जेल के अन्दर किसी भी बंदी से किसी प्रकार का लेनदेन या व्यवहार नही करेगा और ना ही किसी प्रकार का ऐसा कार्य करेगा जो जेल नियमो के विरूद्ध हो। ऐसा करने पर उसे नियमो के अनुसार दण्डित किया जा सकता है।
7. रोटी व दाल सब्जी उठाने के लिए स्वीकृति ठेकेदार को अपने वाहन का प्रयोग करना पडेगा।

पीआरडीएच-1277/11/82/2026/33911/88/6 दि. 16.04.25

## नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक व इसके अधीन आने वाले बस स्टैण्ड सांपला, कलानौर की दुकानो की आम सार्वजनिक नीलामी दिनांक 07.04.2025 को बस स्टैण्ड रोहतक परिसर में खुली बोली के माध्यम से होनी निश्चित हुई थी लेकिन प्रशासनिक कारण की वजह से दिनांक 07.04.2025 की आम नीलामी को रद्द कर दिया गया है अब यह पुनः नीलामी दिनांक 21.04.2025 को बस स्टैण्ड रोहतक परिसर में होनी निश्चित हुई है। दुकानो का विवरण व पालिसी किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय महाप्रबन्धक हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक से प्राप्त किए जा सकते हैं।

पीआरडीएच-1119/11/639/2026/33914/88/6 दि. 16.04.25


### विधानसभा में 36वां अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

# 13 देशों के प्रतिभागी सीख रहे विधान ड्राफ्टिंग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोकसभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से किए जा रहे यह प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित किया। इस प्रशिक्षण में 13 देशों के कुल 28 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। सभी को विधायी ड्राफ्टिंग की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। यह 36वां अंतरराष्ट्रीय विधायी प्रारूपण प्रशिक्षण प्रशिक्षण हरियाणा विधानसभा में 16 अप्रैल से 21 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विधायी ड्राफ्टिंग तैयार करते समय केवल कानून की भाषा ही नहीं, बल्कि समाज की भावनाओं, ज़रूरतों और संभावनाओं पर भी विचार करना आवश्यक है। एक अच्छा विधायी ड्राफ्ट न केवल मौजूदा समस्याओं का समाधान करता है, बल्कि समाज को प्रगति की दिशा में भी ले जाता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने लगातार यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि नीति निर्माण और कानून निर्माण की प्रक्रिया समावेशी और सशक्त हो।

#### कार्य क्षेत्रों में दक्षता बढ़ेगी : कल्याण

इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य विधायी ड्राफ्टिंग कौशल को बढ़ाना है, जो विधायी प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उनके द्वारा प्राप्त बहुमूल्य अनुभव उनके कार्य क्षेत्रों में दक्षता और उत्साह बढ़ाएगा। संसदीय प्रणाली में सुधार और मजबूती के लिए उनके कार्यकाल के दौरान कई नई पहल की गई। इन पहलों में विधायकों और विधानमंडल सचिवालय के कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना, युवा संसदों का आयोजन करना, सभी विधानमंडल दलों के नेताओं की बैठकें संसदीय प्रणाली शून्य काल की प्रभावशीलता को बढ़ाना, विधायकों को सार्वजनिक महत्व के मामले उठाने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करना और सदन में शिष्टाचार बनाए रखना शामिल हैं।


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/BSO/701

हमकि (1) राजेन्द्र सिहं पुत्र धनसिहं पुत्र सुखपाल व (2) दुष्यन्त (3) अजय कुमार पुत्रान श्रीनिवास पुत्र धनसिहं व (4) नवीन पुत्र रामनिवास पुत्र धनसिहं, निवासीगण गांव देवरखाना व (5) राजकुमार पुत्र धनसिहं पुत्र सुखपाल, निवासी प्लॉट न0 308, ई ब्लॉक, श्याम विहार फेस–1, नजफगढ़, दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली–110043 एवं उपरोक्त सभी बिस्वेदारान गांव देवरखाना, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2019–20, के अनुसार अराजी खेवट न0 151मिन / 116मिन, खाता न0 156 मिन, मु0 न0 28, किला न0 8(8–0), 13 / 2 / 2(5–16), 14 / 1(2–12), किते 3, तादादी रकबा 16 कनाल 8 मरले (2.05 एकड़) सालम भाग (जिसमें राजेन्द्र सिहं – राजकुमार हर दो समभाग 1 / 2 भाग व नवीन 1 / 4 भाग व दुष्यन्त – अजय कुमार हर दो समभाग 1 / 4 भाग) वाका रकबा मौजा देवरखाना, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 16 कनाल 8 मरले (2.05 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 16.04.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

## छात्रवृत्ति के लिए आवेदन
## हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी
पी. 16, सेक्टर–14, पंचकूला

हरियाणा राज्य के गुरुकुलों व संस्कृत महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में (आचार्य, शास्त्री, प्राक्शास्त्री, विशारद, उत्तरमध्यमा, पूर्वमध्यमा, प्राज्ञ तथा प्रथमा इत्यादि) कक्षाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए–

हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला द्वारा वर्ष 2024–25 के लिए हरियाणा प्रदेश में अवस्थित सभी संस्कृत गुरुकुलों/ महाविद्यालयों/ विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत (आचार्य, शास्त्री, प्राक्शास्त्री, विशारद, उत्तरमध्यमा, पूर्वमध्यमा, प्राज्ञ तथा प्रथमा इत्यादि) कक्षाओं के छात्र/छात्राओं से छात्रवृत्ति आवेदन–पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। इसमें केवल वे ही विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं जिनका प्राप्तांक गत परीक्षा में कम से कम 60% हो। आवेदन पत्र संस्था के प्राचार्य के माध्यम से ही भेजा हुआ स्वीकृत होगा।

**नोट– आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले आवश्यक दस्तावेज की फोटो कॉपी लगाएं–**

1. दोनों सेमेस्टर के अंक पत्र (प्राचार्य द्वारा सत्यापित)
2. आधार कार्ड (यदि हरियाणा से बाहर अन्य किसी राज्य के हों)
3. परिवार पहचान–पत्र
4. बैंक पासबुक (Updated) खाता नं. व बैंक का आई.एफ.एस.सी. नं. स्पष्ट हो।

उपर्युक्त में से एक भी दस्तावेज न होने पर आवेदन निरस्त किया जाएगा। उपरिलिखित आवेदन–पत्र कार्यालय में 31 मई, 2025 तक भेजे जा सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

दूरभाष : 0172–2570979
ईमेलः hariprabhaskt@gmail.com
वेबसाइट : haryanaakademi.ac.in

**हस्ता/– कार्यकारी उपाध्यक्ष, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला**

**हस्ता/– निदेशक संस्कृत प्रकोष्ठ, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला**

संवाद–1216/11/7/2026/33901/सी/88/6 दि. 16.04.25




# एनएचएम घोटाले में पूर्व डिप्टी सीएमओ सस्पेंड

## कार्रवाई: सस्पेंशन पीरियड में मुख्यालय भिवानी सीएमओ कार्यालय होगा

■ आयुष्मान भारत योजना के बोर्ड बनवाने में घोटाले की चल रही जांच



यमुनानगर में एसएमओ के पद पर कार्यरत थे डा. राजबीर रंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले के डिप्टी सीएमओ के पद पर कार्यरत रह चुके यमुनानगर के एसएमओ डा. राजबीर रंगा को हरियाणा के राज्यपाल ने तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। सस्पेंशन पीरियड में उनका मुख्यालय भिवानी सीएमओ कार्यालय होगा। स्वास्थ्य विभाग के एसीएस सुधीर राजपाल की ओर से बुधवार को डा. राजबीर रंगा का सस्पेंड करने के आदेशों का पत्र जारी किया है। एनएचएम में लाखों रुपये के गोलमाल मामले में डा. राजबीर रंगा के खिलाफ एसीबी की जांच चल रही है। डा. राजबीर रंगा के कार्यकाल में नेशनल हेल्थ मिशन के तहत आयुष्मान योजना के बोर्ड बनवाए गए थे। बोर्ड बनवाने का जिम्मा डा. राजबीर के हाथों में सौंपा हुआ था। डा. राजबीर पर आयुष्मान योजना के हॉर्डिंग्स लगवाने में लगभग 28 लाख रुपये का घोटाला करने का मामला उजागर हुआ था। फर्जी बिल तैयार कराने के आरोप लगाए गए थे। मामले की जांच एंटी ब्यूरो ब्यूरो की ओर से शुरू की गई थी। गत वर्ष 31 दिसंबर को डा. राजबीर का तबादला यमुनानगर करने के आदेश जारी हुए थे। बताया जा रहा है कि तबादला होने के बाद भी कई दिनों तक राजबीर यहां से रिलीव नहीं हुए। मुख्यालय से दबाव के बाद राजबीर को रिलीव होकर यमुनानगर जाना पड़ा।

### एसीबी एडीजीपी की अनुशंसा पर एक्शन

डॉ. राजबीर के खिलाफ एंटी करप्शन की जांच के चलते ब्यूरो के एडीजीपी की ओर से उन्हें सस्पेंड करने की अनुशंसा की गई थी, तबकि वह जांच प्रभावित करने में सफल नहीं हो सकें। एसीबी की अनुशंसा के आधार पर ही उन्हें सस्पेंड किया गया है। पूर्व सीएमओ डा. सुरेंद्र यादव ने बताया कि एचएनएम के तहत आयुष्मान योजना के बोर्ड बनवाने के मामले में भ्रष्टाचार का मामला उनके आने से पहले का है। इसकी जांच एसीबी कर रही है। जांच कहां तक आगे बढ़ी है, इसके बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

### बावल से कांग्रेस की टिकट के दावेदार

डा. राजबीर गत विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे। उन्होंने टिकट के लिए पूर्व सीएम चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के दरबार में दस्तक दी हुई थी। एक बार डा. राजबीर की टिकट को लेकर एक फेक लेटर भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, परंतु बाद में डा. एमएल रंगा की टिकट फाइनल हो गई थी। डा. राजबीर से बार-बार प्रयासों के बावजूद संपर्क नहीं हो सका, परंतु उनके करीबियों ने सस्पेंशन को राजनीतिक द्वेष के चलते की गई कार्रवाई करार दिया है।

### मुझे टारगेट किया गया

डिपार्टमेंटर इंक्वायरी में उन्हें क्लीनचिट मिली हुई है। एसवीबी की जांच चह रही है, जिसमें 17 लोगों पर चार्ज हैं। राजनीतिक द्वेष के चलते बावल के विधायक डॉ. कृष्ण कुमार के दबाव बनाने पर उन्हें सस्पेंड किया गया है। इस मामले में नागरिक अस्पताल के कुछ वह लोग शामिल हैं, जो उनके खिलाफ लगातार साजिश रखते रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह जांच में पूरा सहयोग कर रहे हैं। कानून में पूरा विश्वास है, जिस कारण उन्हें इस जांच में भी क्लीनचिट मिलेगी। -डॉ. राजबीर रंगा


*कैथल में डबल मर्डर का मामला सामने आया*

# पत्नी की ईंट से कुचलकर हत्या और आठ माह के बच्चे को भी गला दबाकर मारा

■ 4 साल पहले शादी हुई थी घरेलू कलह बताई जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के गांव बरोट में घरेलू कलह को लेकर एक व्यक्ति ने सिर में ईंटमारकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी तथा 8 माह के बच्चे का भी गला दबा दिया। हादसे में बुरी तरह घायल मां-बेटे ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद युवक भाग गया। परिजनों का कहना है कि करीब 4 साल पहले ही युवक की शादी हुई थी। इससे पहले इनका कोई झगड़ा भी नहीं हुआ। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान अजय के रूप में हुई है। वह कैथल के बरोट गांव का रहने वाला है। उसकी मृतका पत्नी का नाम सुदेश था, जबकि 8 माह के बच्चे का नाम सिमरत था। आरोपी के खिलाफ उसके ताऊ राजवीर ने पुलिस को शिकायत दी है। ढांड पुलिस को दी शिकायत में राजवीर ने बताया है कि उनके भतीजे अजय की शादी 4 साल पहले सुदेश के साथ हुई थी। सुदेश का मायका धौंस गांव में है। इन दोनों के बीच छोटे-मोटे झगड़े जरूर होते थे, लेकिन कभी बड़ी कहासुनी नहीं हुई। करीब 8 महीने पहले सुदेश ने बेटे को जन्म दिया। तब से तो सब कुछ ठीक चल रहा था।



**कैथल।** पति पत्नी का फाइल फोटो

# फतेहाबाद: खेत में लगी आग, 15 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर के साथ लगती ढाणी रूपनगर में बुधवार सुबह गेहूं के खेतों में भयंकर आग लग गई। आग तेजी से फैलते हुए करीब 15 एकड़ क्षेत्र में फैल गई और काटने के लिए तैयार गेहूं की फसल राख हो गई। आग साथ लगती ढाणी की तरफ बढ़ने लगी तो हडक़ंप मच गया। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर पेड़ों की टहनियों और हैरो चलाकर आगे आगे खेत खाली किए, साथ ही पंप सेट मंगवाकर पानी की बौछारों से कुछ हद तक आग को आबादी की तरफ बढ़ने से रोका। मौके पर फायरब्रिगेड की गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि कड़ी मशक्कत से आग को आबादी तक नहीं पहुंचने दिया। उधर दूसरी तरफ बनी सड़क ने आग को दूसरी ओर जाने से रोक दिया, नहीं तो आग सैकड़ों एकड़ फसल को अपनी चपेट में ले सकती थी।

खेतों में उठता धुआं



## जाखल थाने में घुसा कोबरा, 45 मिनट तक दहशत में रहे पुलिसकर्मी

**फतेहाबाद।** जाखल थाने में बुधवार सुबह 5 बजे एक कोबरा सांप घुस गया। पांच फीट लंबे जहरीले सांप को देखकर पुलिसकर्मियों में हडक़ंप मच गया। सांप करीब 45 मिनट तक थाने के एक कोने में बैठा रहा। पशु क्रूरता निवारण कमेटी के सदस्य और स्नेक कैचर नवजोत सिंह ढिल्लो को सूचना दी। नवजोत सिंह की टीम ने मौके पर पहुंचकर कोबरा को पकड़ा और सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। विशेषज्ञों के अनुसार कोबरा में न्यूरोटॉक्सिक वेनम यानी जहर पाया जाता है। जाखल थाने में यह पहली बार नहीं है जब कोई वन्य जीव पहुंचा हो। थाने के स्टोर रूम में मॉनिटर लिजर्ड देखा गया था।

## मेहंदीपुर में रेत का अवैध खनन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

**सोनीपत।** खान एवं भू-विज्ञान विभाग, सोनीपत और हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो, मिमारपुर की संयुक्त टीम ने बुधवार को गांव मेहंदीपुर में छापामारी की। इस दौरान अवैध रेत से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर पकड़ा गया, जिसे टीम द्वारा पुलिस थाना मुरथल में ले जाकर सीज कर दिया गया। उक्त वाहन को नियमानुसार जुर्माना भरने के बाद ही छोड़ा जाएगा। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि अवैध रेत खनन से पर्यावरण को गंभीर क्षति होती है, जैसे भूमि कटाव, बाढ़ की संभावना, उपजाऊ भूमि की हानि, जल स्तर में गिरावट और नदी तल का क्षरण।

*एस चंद एंड कंपनी की बिक रही नकली किताबें*

# फतेहाबाद में दो दुकानदार काबू 65 नकली किताबें बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नकली किताबें बेचने के मामले में पुलिस ने कम्पनी के अधिकारियों के साथ फतेहाबाद और भूना में दो पुस्तक विक्रेताओं की दुकानों पर छापेमारी की। पुलिस ने दोनों जगह से 65 नकली किताबें बरामद कर दोनों दुकानदारों को गिरफ्तार कर लिया है। पहले मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने शिव चौक स्थित बजाज पुस्तक भंडार के मालिक सचिन पुत्र मुलक राज निवासी नागपाल चौक, फतेहाबाद को गिरफ्तार किया। इस बारे थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने 15 अप्रैल को संजीव कुमार राघव निवासी गाजियाबाद, यूपी की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसे प्रकाशन कम्पनी एस.चंद एंड कम्पनी लिमिटेड, नई दिल्ली द्वारा उसे कम्पनी की नकली पुस्तकें छापने, बनाने, बेचने वालों के खिलाफ जांच व कानूनी कार्रवाई के लिए अधिकृत किया हुआ है। उसे सूचना मिली थी कि उक्त प्रकाशन की नकली किताबों की भारी संख्या में फतेहाबाद में बिक्री हो रही है। फतेहाबाद में शिव चौक के पास स्थित बजाज पुस्तक भंडार पर यह नकली किताबें बेची जा रही है। ऐसा करके दुकान मालिक भारत सरकार व उनकी कम्पनियों को आर्थिक नुकसान पहुंचाकर लाभ कमा रहा है। संजीव ने बताया कि उसने यशस्वी सक्सेना निवासी गाजियाबाद को बजाज पुस्तक भंडार पर भेजा।

## हत्या का बदला लेने के लिए होटल संचालक की हत्या

**गुरुग्राम।** पटौदी एरिया के जाटौली मंडी में आपसी रंजिश के चलते बुधवार की देर रात झोपड़ी होटल संचालक की गोलियों से छलनी कर हत्या कर दी गई। हत्यारों ने होटल में पहले कोल्ड ड्रिंक मांगी और बाद में एकाएक गोलियां चला दी। बदमाशों ने एक अन्य कर्मचारी को भी बंदूक का बट मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर चार लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं इस हत्याकांड के विरोध में ग्रामीणों ने दोपहर 12 बजे से एक बजे तक पटौली-कुलाना रोड को जाम रखा। हालांकि पुलिस अधिकारियों के समझाने के बाद ट्रैफिक जाम को खुलवा दिया गया।

## मेदांता अस्पताल में एयर होस्टेस से यौन उत्पीड़न में पुलिस की पूछताछ जारी

**गुरुग्राम।** मेदांता अस्पताल में वेंटिलेटर पर एडमिट एयर होस्टेस के यौन उत्पीड़न मामले में पुलिस ने बुधवार को अस्पताल स्टाफ से दूसरे दिन भी पूछताछ की। दिनभर अस्पताल में ही पुलिस की टीम डटी रही और वेंटिलेटर पर एयर होस्टेस के पास रहे मेल व फीमेल स्टाफ से पहले एक साथ और इसके बाद क्रॉस चेक के लिए वन-टू-वन पूछताछ की। वहीं अस्पताल की सीसीटीवी फुटेज को भी पुलिस खंगाल रही है। घटना के समय अर्ध बेहोशी की हालत होने के कारण उसे जानकारी नहीं है। वहीं इस मामले में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने अस्पताल की सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं।



## सरकार ने एपीएम वाली गैस आपूर्ति में 20 फीसदी की कटौती

# सरकार ने शहरों में गैस वितरण करने वाली कंपनियों के लिए सस्ती गैस की आपूर्ति घटाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने इंद्रप्रस्थ गैस लि., महानगर गैस लिमिटेड और अदाणी टोटल गैस लि. जैसे शहरी गैस वितरकों को कम लागत वाली एपीएम यानी सरकारी मूल्य व्यवस्था वाली गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत तक की कटौती की है। इस कमी की भरपाई अपेक्षाकृत अधिक महंगे ईंधन से की गयी है।

तीनों शहरी खुदरा विक्रेताओं ने शेयर बाजार को अलग-अलग दी सूचना में कहा कि गैस आपूर्ति के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की नोडल एजेंसी गेल (इंडिया) लि. ने पुराने क्षेत्रों से गैस की आपूर्ति में कटौती की जानकारी दी है। इसे प्रशासित मूल्य व्यवस्था (एपीएम) वाली गैस कहा जाता है क्योंकि इसके मूल्य के बारे में समय-समय पर सरकार निर्णय करती है।

- कमी की भरपाई अपेक्षाकृत महंगे ईंधन से की गई
- इसे प्रशासित मूल्य व्यवस्था (एपीएम) वाली गैस कहा जाता है



### एपीएम गैस का उत्पादन घट रहा

एपीएम गैस की वर्तमान कीमत 6.75 प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट (यूनिट) है। इसका उत्पादन नौ से 10 प्रतिशत वार्षिक दर से घट रहा है, क्योंकि पुराने क्षेत्रों से उत्पादन कम हो रहा है। ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) उत्पादन को बनाये रखने के लिए अधिक कुओं की खुदाई में निवेश कर रही है। लेकिन इससे लागत बढ़ रही है और इसका असर ऊंची कीमत के रूप में दिख रहा है।

### नए कुओं से 125 फीसदी गैस का आवंटन

आईजीएल ने कहा, ''गेल (इंडिया) लि. से कंपनी को सूचना मिली है कि 16 अप्रैल, 2025 से कंपनी को घरेलू गैस आवंटन में कमी आएगी। कंपनी को संशोधित घरेलू गैस आवंटन पिछले आवंटन से लगभग 20 प्रतिशत कम है।'' कंपनी ने कहा कि उसे आपूर्ति में कमी के एवज में नये कुओं से अतिरिक्त 125 प्रतिशत गैस आवंटित की गई है।

### कंपनियों का लाभ प्रभावित होगा

*इससे कंपनी का लाभ प्रभावित होने की आशंका है। मुंबई में गैस वितरण करने वाली खुदरा कंपनी एमजीएल ने कहा कि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा जारी 10 अगस्त, 2022 के नीति दिशानिर्देश के अनुसार, घरेलू स्तर पर उत्पादित एपीएम व्यवस्था के तहत आने वाली प्राकृतिक गैस को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए आवंटित किया जाना है।*

### एक साल में आपूर्ति 50 फीसदी घटाई गई

ऐसी गैस को नए कुओं से उत्पादित गैस कहा जाता है और इसकी कीमत लगभग आठ डॉलर प्रति इकाई होती है। पिछले एक साल में, शहर के गैस खुदरा विक्रेताओं को एपीएम गैस की आपूर्ति में लगभग 50 प्रतिशत की कटौती की गई है। ताजा कटौती के साथ, एपीएम गैस अब कुल शहर की गैस आवश्यकता का लगभग 34 प्रतिशत पूरा करेगी, जो पहले 51 प्रतिशत था।

### कम आवंटन की भरपाई नए कुओं से

अदाणी समूह और फ्रांस की टोटल एनर्जीज के संयुक्त उद्यम अदाणी टोटल गैस लि. ने कहा कि उसे गेल से एपीएम गैस आवंटन में 15 प्रतिशत की कमी के बारे में सूचना मिली है। कंपनी ने कहा, ''एपीएम गैस के कम आवंटन की भरपाई नये कुओं से उत्पादित गैस से की जा रही है।

### कंपनियां सीएनजी के दाम बढ़ा सकती है

अदाणी टोटल गैस ने कहा, ''हालांकि, उच्च मूल्य वाले नये कुओं से प्राप्त गैस से कंपनी के लाभ पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। कंपनी इस प्रभाव को कम करने के लिए सभी उपायों पर विचार कर रही है।'' एपीएम गैस आवंटन में कटौती से शहरों में गैस वितरण करने वाली कंपनियों के लिए कच्चे माल की लागत बढ़ जाएगी। इसके परिणामस्वरूप कंपनियां फिर से सीएनजी के दाम बढ़ा सकती हैं।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 77,000 अंक के पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई



स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 309.40 अंक चढ़कर फिर से 77,000 अंक के स्तर को पार कर गया। एनएसई निफ्टी में भी 108.65 अंक की बढ़त रही।

विदेशी संस्थागत निवेशकों के ताजा पूंजी प्रवाह के बीच प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। खुदरा महंगाई के करीब छह साल के निचले स्तर पर आने से नीतिगत दर में और कटौती की उम्मीद से बाजार धारणा मजबूत हुई।

\वैश्विक बाजार में कमजोर रुख को खारिज करते हुए बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे सत्र में 309.40 अंक यानी 0.40 प्रतिशत चढ़कर दो सप्ताह के उच्चतम स्तर 77,044.29 अंक पर बंद हुआ। कमजोर शुरुआत के बाद, सत्र के दौरान सूचकांक में उतार-चढ़ाव होता रहा। इस दौरान इसने 77,110.23 के उच्च और 76,543.77 अंक के निचले स्तर को छुआ। निफ्टी 108.65 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,437.20 अंक पर बंद हुआ।

- एनएसई निफ्टी में भी 108 .65 अंक की तेजी
- विदेशी निवेशकों ने की ताजा खरीदी

*इन शेयरों में रही तेजी : सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इंडसइंड बैंक 7.12 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा एक्सिस बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक और आईटीसी भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे।*
*ये शेयर रहे नुकसान में : दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में मारुति, इन्फोसिस, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टुब्रो, एनटीपीसी और बजाज फाइनेंस शामिल हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक मंगलवार को शुद्ध लिवाल रहे और उन्होंने 6,065.78 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे।*

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
**IN THE COURT OF Sh. Alok Anand, Additional Civil Judge (Senior Division), Bawal**
SHEELA DEVI
Vs.
TEHSILDAR BAWAL
**SUIT FOR DECLARATION**
**CNR No. HRREB1-000404-2023**
**CS-327-2023**
**Next Date:- 23-04-2025**
**PUBLICATION ISSUED TO:**
3. Sukhbir S/o Jai Pal R/o Village Gurgaon Tehsil & Distt. Gurgaon, 4 Raj Singh S/o Raghunath Singh R/o Village Gurgaon Tehsil & Distt. Gurgaon, 5 Ajitpat S/o Om Parkash R/o Village Gurgaon Tehsil & Distt. Gurgaon, 6 Neha W/o Abhinav R/o H. No. 17/26, Jyoti Park, Gurugram, 7 Sapna Adlakha W/o Mahender Singh R/o Village Naurangpur, Tehsil & Distt. Gurugram, 8. Shashi W/o Birender Singh R/o Village Naurangpur, Tehsil & Distt. Gurugram, 9. K.C Badhwa S/o Jodhram R/o H. No. 248, Sector-5, Gurugram, 11. Devender S/o Ramkishan R/o Village Chandu Tehsil & Distt. Gurugram,12. Parvinder S/o Subash Chand R/o Patel Nagar, Gurugram, 13. Shashi W/o Narender Singh R/o Jyoti Park, Gurugram, 14. Narender Singh S/o Raj Singh R/o H. No. 17/28, Jyoti Park, Gurugram, 15. Devender S/o Raj Singh R/o H. No. 1828, Jyoti Park Gurugram, 16. Harsha Interior and Decorators Pvt. Ltd. 17/28, Geeta Bhavan, Jyoti Park Gurugram, 22. Balwan Singh S/o Mawasi Ram R/o Dhunela, Tehsil Sohna Distt. Gurugram, 23. Narbir Singh S/o Omparkash R/o Badshapur, Tehsil & Distt. Gurugram, 26 Aalok Aggarwal S/o Manohar Lal R/o Sector-8, Rohini, Delhi, 27. Manjit Kaur W/o Vijay Kumar R/o Kila road, Maller Kotla, Distt. Sangur (Punjab), 28. Sarmishtha W/o Balwan Singh, 29. M/S Parkash Travels through Smt. Parkash Kaur W/o Guljar Singh R/o Village Noorpur, Distt. Jalandhar, 30. Ramkishan S/o Raghunath Singh R/o Sector-5, Gurugram, 31. Shaily Goel W/o Narener Goel R/o Nayi Basti, Narala, Delhi, 32. Ashok Kumar S/o Satyaparkash R/o Mavirpura, Gurugram, 33. Parveen Kumar S/o Satyaparkash R/o Mavirpura, Gurugram, 34 Deepchand Singhal S/o Gopiram R/o Pritampura, New Delhi, 35. Nikunj Garg S/o Rajender Garg R/o Pritampura, New Delhi, 36 Sarita Jain W/o Sanjiv Jain R/o Street No. 1, Majlisha Park, Delhi, 37. Subhash Sharma S/o Shanti Parsad R/o Shivpuri, Gurugram, 38. Rajender Parsad S/o Parmanand R/o Pritampura, New Delhi, 39. Rakesh Yadav S/o Dharampal R/o Palam Vihar, Gurugram, 40. Balbir Singh S/o Dalip Singh R/o Palam Vihar, Gurugram, 41. Ramesh Kumari W/o Ranbir Singh R/o Gurugram, Tehsil & Distt. Gurugram, 42. Suresh Kumar S/o Kashmiri Lal S/o Banwari Lal R/o Gurugram, Tehsil & Distt. Gurugram, 43. Kamlesh W/o Devender Singh R/o Gurugram, Tehsil & Distt Gurugram, 44. Krishan S/o Ramrati D/o Bansi R/o Village Mukundpur Basai, Tehsil Bawal Distt. Rewari, 45. Randhir S/o Ramrati D/o Bansi R/o Village Mukundpur Basai, Tehsil Bawal Distt. Rewari, 46. Anil Kumar S/o Ramrati D/o Bansi R/o Village Mukundpur Basai, Tehsil Bawal Distt. Rewari, 47. Smt. Rajo D/o Ramrati D/o Bansi R/o Village Mukundpur Basai, Tehsil Bawal Distt. Rewari, 48. M/S Vikrmaditya Service and Investment, through its Director R/o M131, Ist floor, Grater Kalash South Delhi, 48-A M/S Maa Laxmi Enterprises through its Directore office/ H. No. 267-B-9, Sector-3 Rohini/ Rajapur Kalan, Sector-7 North-West Delhi, 49. Satbir S/o Surja S/o Banshi, 50. Mukhram S/o Banshi S/o Harsai, 51. Jile Singh S/o Bansi, 52. Ranbir Singh S/o Mukhtiar, 53. Partap S/o Mehro D/o Banshi, 54. Krishan S/o Mehro D/o Banshi, 55. Rampal S/o Mehro D/o Banshi, 56. Dharamkaur W/o Banshi, 57. Ajit S/o Ratni D/o Banshi, 58. Banwari Lal S/o Jagmal S/o Ramsaroop, 59. Surender Singh S/o Jagmal S/o Ramsaroop, 60. Surat Singh S/o Chiranji Lal, 61. Smt. Sushila W/o Uttam Singh, 62. Mewa W/o Partap Singh S/o Surja, 63. Santosh Devi W/o Satbir S/o Surja, 64. Ramesh Kumar S/o Prabhudyal, 65. Jaichand S/o Prabhudyal, 66. Kela Devi W/o Deviram, 67 Dharampal S/o Rammehar, 68. Dhan Singh S/o Parshadi, 69. Jagat Singh S/o Ishwar S/o Amar Singh, 70. Brahmpal S/o Ishwar S/o Amar Singh,71. Jagdish S/o Jeetram S/o Amar Singh, 72. Mahender Singh S/o Nityanand S/o Lalji Singh, 73 Shiv Kumar S/o Nityanand S/o Lalji Singh, 74. Shivratan S/o Nityanand S/o Lalji Singh, 75. Karan, Singh S/o Lalji Singh S/o Chhajju, 76. Devender Singh S/o Deshraj Singh S/o Lalji Singh, 77. Bhopal Singh S/o Deshraj Singh S/o Lalji Singh, 78. Jitender Singh S/o Deshraj Singh S/o Lalji Singh, 79. Rai Singh S/o Sumer Singh, 80. Mahender Singh S/o 81. Savita Devi D/o, 82. Shanti Devi Wd/o Sh. Rajender Singh, 83. Kushal Yadav S/o Rajkumar, 84 Bhagwan Singh S/o Shriram, 85. Birender Singh S/o Shriram, 86. Joginder Singh S/o Birender Singh, 87. Sarita D/o Birender Singh, 88. Prem Devi Wd/o Birender Singh, 89. Dharampal S/o Chand Singh, 90. Amar Singh S/o Budhram, 91. Jeet Singh S/o Amar Singh, 92. Ishwar S/o Amar Singh, 93 Nihal S/o Rohtash Singh, 94. Jagmal Singh R/o Rohtash Singh, 95. Ashok Kumar S/o Dalip Singh, 96. Jagmaal Singh S/o Rohtash Singh, 97. Ashok Kumar S/o Dalip Singh, 98. Raheshwar S/o Dalip Singh, 99. Ved Parkash S/o Naval Singh, 100. Nirmala D/o Naval Singh, 101. Santo D/o Naval Singh, 102. Parveen D/o Naval Singh, 103. Sushila D/o Naval Singh, 104. Maktuli Wd/o Naval Singh, 105. Surender Kumar S/o Roopram, 106. Hoshair Singh S/o Roopram, 107. Vijay Pal Singh S/o Roopram, 108. Bijender Singh S/o Kartar Singh All R/o Mukundpur Basai, Tehsil Bawal Distt. Rewari, 109. M/S Sidh Girya Nath Enterprises through its authorized signatory Vinish Malik S/o Sh. Krishan Pal R/o H. No. 266, Mahroli Gadaipur, South Delhi-112030, 110 M/S Bhumi Enterprises Sector-26, Mancharda Society, Eden Garden through its partner Sh. Dheeraj Aroara W/o Sh. Shiv Sachdeva R/o Garhi Bolni Road Rewari, 111. Smt. Sheela W/o Shayamender Singh R/o Village Kadarpur Tehsil Sohna Distt. Gurugram

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 23-04-2025 at 10:00 a.m.


For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district notice& district-Rewari

**Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division) Bawal**

Dated, this day of 16-04-2025

# सोना 1,650 रुपये बढ़कर 98,100 के नए शिखर पर, चांदी भी उछली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापार युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी की होड़ के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,650 रुपये बढ़कर 98,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने की कीमतों में 11 अप्रैल को सबसे बड़ी एक दिवसीय तेजी दर्ज की गई थी, जब स्थानीय बाजारों में इसकी कीमत 6,250 रुपये उछल गई थी। इस साल अब तक सोने की कीमतों में एक जनवरी के 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से 18,710 रुपये या 23.56 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1,650 रुपये बढ़कर 97,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया, जबकि इसका पिछला बंद भाव 96,000 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इसके अलावा, चांदी की कीमतें 1,900 रुपये बढ़कर 99,400 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। मंगलवार को चांदी 97,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थीएलकेपी सिक्योरिटीज के जिंस और मुद्रा के उपाध्यक्ष (शोध विश्लेषक) जतीन त्रिवेदी ने कहा, ''सोने में एक बार फिर जोरदार तेजी आई...एमसीएक्स सोना 95,000 रुपये के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया।

- बढ़ते व्यापार युद्ध के कारण सोना बना सुरक्षित निवेश
- चांदी 1,900 रुपए उछलकर 97,650 रुपए प्रति किलोग्राम

### सोना हाजिर में भी बढ़कर सौदे

वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना बढ़कर 3,318 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। बाद में, इसका लाभ कुछ कम हो गया और इसमें 3,299.99 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार हुआ।

# आईआईटी रोपड़ ने पराली निपटान हेतु बनाई सस्ती व टिकाऊ मशीन

**रोपड़/चंडीगढ़।** पराली प्रबंधन और पर्यावरणीय स्थिरता की चुनौतियों से निपटने के लिए एक अभूतपूर्व पहल में, आईआईटी रोपड़ आईहब अवध (कृषि और जल प्रौद्योगिकी विकास हब), आईआईटी रोपड़ ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय अंतः विषय साइबर-भौतिक प्रणाली मिशन (एनएम-आईसीपीएस) के तहत एक अभिनव इन-हाउस प्रौद्योगिकी स्टबल रिमूविंग मशीन पेश की है।



आईआईटी रोपड़ में आईएचयूबी एडब्ल्यूएडीएच के डोमेन समन्वयक और संकाय में से एक डॉ. प्रबीर सरकार द्वारा विकसित, प्रौद्योगिकी तत्परता स्तर (टीआरएल) 9 के साथ, स्टबल रिमूविंग मशीन पूरी तरह से विकसित, परीक्षण की गई और बड़े पैमाने पर तैनाती के लिए तैयार है, जो किसानों को स्टबल प्रबंधन के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे का एक अभिनव और व्यावहारिक समाधान प्रदान करती है। यह अत्याधुनिक तकनीक पारंपरिक पराली निपटान विधियों के लिए एक पर्यावरण-अनुकूल, लागत-प्रभावी और कुशल विकल्प प्रदान करती है, जिससे पराली जलाने की आवश्यकता काफी कम हो जाती है। यह ट्रैक्टर-माउंटेड सिस्टम किसानों को पराली अवशेषों का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे कृषि उत्पादकता और पर्यावरण संरक्षण दोनों सुनिश्चित होते हैं। यह जमीन से कुछ सेंटीमीटर तक पराली को काटता है और स्वचालित रूप से इसे ट्रॉली में लोड करता है, जिससे श्रम की आवश्यकता और ईंधन की लागत में काफी कमी आती है - जो किसानों के लिए दो प्रमुख चिंताएँ हैं। यह बहुमुखी मशीन चावल और गेहूं दोनों के पराली को हटाने के लिए उपयुक्त है और केवल एक ऑपरेटर की आवश्यकता के साथ बड़े खेतों को कवर करने में सक्षम है। 5-6 लाख की कीमत वाली पराली हटाने वाली मशीन किसानों के लिए एक किफायती, कुशल और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प प्रदान करती है, जो टिकाऊ कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देती है। अपनी उन्नत तकनीक और उच्च-प्रदर्शन डिज़ाइन के साथ, यह मशीन पराली प्रबंधन में क्रांति लाने और खेत की उत्पादकता बढ़ाने के लिए तैयार है।

**पराली हटाने वाली मशीन की मुख्य विशेषताएं: पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ:** पराली जलाने की आवश्यकता को समाप्त करता है, वायु प्रदूषण को कम करता है और मिट्टी के पोषक तत्वों को संरक्षित करता है।



■ आईआईटी रोपड़ आईहब अवध ने पर्यावरण के लिए उपयुक्त और लागत प्रभावी इन-हाउस स्टबल चार्जिंग मशीन का अनावरण किया

# यस बैंक को आईटी से 244 करोड़ की नोटिस

**नई दिल्ली।** यस बैंक ने कर निर्धारण वर्ष 2016-17 के लिए 244.20 करोड़ रुपये का मांग नोटिस मिलने की बुधवार को जानकारी दी। उस पर कर की गणना के लिए निर्धारित आय के बजाय आयकर रिटर्न में बताई गई आय पर विचार किया गया। इस संबंध में 15 अप्रैल, 2025 को क्षेत्राधिकार निर्धारण अधिकारी ने नया आदेश पारित किया। यस बैंक ने कहा, ''उक्त सुधार आदेश के परिणामस्वरूप 244.20 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कर मांग उत्पन्न हुई है... बिना किसी ठोस वजह के इसकी काफी अधिक पुनर्गणना की गई है।'' इसमें कहा गया, इस आदेश के विरुद्ध बैंक तत्काल आधार पर जेएओ के समक्ष सुधार आवेदन दायर करेगा क्योंकि मांग निराधार प्रतीत होती है।

**सूचना**

मैं, बलजीत सिंह पुत्र श्रीभगवान निवासी गांव कसार, तहसील बहादुरगढ, जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र देवा व पुत्रवधु निशिका मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 131.84 अरब डॉलर पहुंचा

# लगातार चौथी बार अमेरिका बना भारत का टॉप ट्रेड पार्टनर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका लगातार चौथी बार भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर बना हुआ है। सरकारी आंकड़ों से पता चला है कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 131.84 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया है। वहीं, इस दौरान चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 99.2 बिलियन डॉलर हो गया है।

पिछले वित्त वर्ष में चीन को भारत का निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया, जबकि 2023-24 में यह 16.66 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। हालांकि, 2024-25 में चीन से आयात 11.52 फीसदी बढ़कर 113.45 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जबकि 2023-24 में यह 101.73 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

### पिछले वर्ष अमेरिका को निर्यात 11.6 फीसदी बढ़ा

पिछले वित्त वर्ष में अमेरिका को भारत का निर्यात 11.6 प्रतिशत बढ़कर 86.51 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 77.52 अरब डॉलर था। वहीं, अगर आयात की बात करें, तो 2024-25 में आयात 7.44 प्रतिशत बढ़कर 45.33 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 42.2 अरब अमेरिकी डॉलर था। अमेरिका के साथ भारत का व्यापार अधिशेष पिछले वित्त वर्ष में 41.18 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो 2023-24 में 35.32 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

### तीसरे नंबर पर संयुक्त अरब अमीरात

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, चीन 2013-14 से 2017-18 तक और 2020-21 में भी भारत का टॉप ट्रेडिंग पार्टनर रहा। चीन से पहले, संयुक्त अरब अमीरात भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर था। 2021-22 से अमेरिका भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान, 100.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया।

### चीन, भारत का दूसरा सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर

**ठेका / नोटिस** दिनांक : 16.04.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुकन्द लाल जिला नागरिक अस्पताल, यमुनानगर मे **पार्किंग और कैंटीन** का **वित्तिय वर्ष 2025-26 का ठेका** दिया जाना है। जिसके लिए ई-टैंडरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाइन टैंडर भरे जाने है। इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित दिनांक से **etenders.hry.nic.in** साईट पर ऑनलाईन टैंडर भर सकते है। टैंडर की नियम व शर्ते साईट पर ही उपलब्ध हैं।

1. **पार्किंग टैंडर का दिनांक 22.04.2025 को सुबह 11:00 बजे से दिनांक 02.05.2025 को प्रातः 10:00 बजे तक रहेगा।**
2. **कैंटीन टैंडर का दिनांक 23.04.2025 को सुबह 11:00 बजे से दिनांक 03.05.2025 को प्रातः 10:00 बजे तक रहेगा।**

**प्रधान चिकित्सा अधिकारी,**
**मु0 ला0 जिला नागरिक हस्पताल, यमुना नगर**

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## एक दशक में होगा भारत का पर्यटन बाजार 21 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** मेकमाईट्रिप के संस्थापक एवं चेयरमैन दीप कालरा ने बुधवार को कहा कि भारत का सतत पर्यटन बाजार एक दशक में बढ़कर 21.6 करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा जो फिलहाल 3.7 करोड़ डॉलर है। मेकमाईट्रिप फाउंडेशन कालरा ने सतत पर्यटन विकास के चलते प्रस्तुत अपार संभावनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, '' भारत का सतत पर्यटन बाजार अब भी आकार में छोटा है। डॉलर के हिसाब से यह करीब 3.7 करोड़ डॉलर का है। आज यह करोड़ों में होना चाहिए... अभी यह लगभग 320 करोड़ रुपये है, लेकिन 10 वर्ष में यह 21.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने के साथ ही सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक होगा।'' मेकमाईट्रिप के संस्थापक एवं चेयरमैन ने बताया कि स्थिरता के संदर्भ में, आज भारत में कुल पर्यटन का केवल एक से दो प्रतिशत ही सतत कहा जा सकता है।

**हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | TENDERNOTICE NO : 69/CCR/2024-25 | सेंट्रल स्टोर यूएचबीवीएन, रोहतक में चारदिवारी का निर्माण। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया बंद होना : 22.04.2025 खुलना : 23.04.2025 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 [illegible] |
| 2 | यूएचबीवीएन | NIT-01/2025-2026 | तिथि 21.04.2025 तक बढ़ाई गई, एक्सईएन (ओपी) डिवीजन, यूएचबीवीएन मुल्लाना हेतु उपयोग किए जाने | www.uhbvn.org.in | 9813242279 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/33922/I/88/6 दि. 16.04.25

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।


**धनु** — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

## शब्द पहेली - 5839




**बाएँ से दाएं**
1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति, काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर, पराया, दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष, रूम-3
26. ठिकाना, नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**
2. तरुणाई, लड़कपन-3
4. सहायता, आधार-3
5. बीताना, यापन करना-4
6. दिखावा, पाखंड-4
7. जरुरत, स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध, लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर, सवेरा-3
24. सना हुआ, तर-4
25. छल, धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

### शब्द पहेली - 5838 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ति | आ | व | श्य | क | | का | रा | वा | स |
| ज | ल | | र | | म | छ | ली | | र | मा |
| र | | अ | दा | का | र | | न | र | | धा |
| अ | र | मा | न | | बं | द | | ज | मी | न |
| म | | न | | म | द | म | स्त | | रा | |
| र | ज | त | प | ट | | क | र | म | ज | ला |
| | प | | ट | क | रा | ना | | स | | ल |
| मु | ना | दी | | ना | ग | | द | ल | ह | न |
| ला | | प | री | | गा | ड़ी | वा | न | | पा |
| का | का | | त | न | य | | घ | | न | ल |
| त | र | सा | ना | | न | ग | र | भ | व | न |





# दिल्ली ने सुपर ओवर में राजस्थान रॉयल्स को हराया

## रॉयल्स को हराकर पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंचे, स्टार्क ने पलटा मैच

भाषा ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में बुधवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को सुपर ओवर में हराकर जीत की राह पर वापसी की। लगातार चार जीत के साथ शुरुआत करने वाले दिल्ली कैपिटल्स ने अपने घरेलू मैदान अरूण जेटली स्टेडियम में पिछला मैच गंवाया था लेकिन बुधवार को जीत हासिल की। टीम अब छह मैच में 10 अंक के साथ दोबारा शीर्ष पर पहुंच गई है। रॉयल्स की टीम चार अंक के साथ आठवें स्थान पर है। सुपर ओवर में रॉयल्स के लिए शिमरोन हेटमायर (06) और रियान पराग (04) बल्लेबाजी के लिए उतरे जबकि गेंद मिचेल स्टार्क ने थामी। हेटमायर और पराग ने चौके मारे लेकिन पराग फ्री हिट पर रन आउट हो गए। यशस्वी जायसवाल (00) भी इसके बाद रन आउट हुए जिससे दिल्ली को 12 रन का लक्ष्य मिला। दिल्ली की ओर से लोकेश राहुल (नाबाद 07) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 06) बल्लेबाजी के लिए उतरे जबकि रॉयल्स ने गेंद संदीप शर्मा को थमाई। राहुल ने पहली गेंद पर दो रन लिए और फिर अगली गेंद पर चौका मारा। स्टब्स ने चौथी गेंद पर छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई। इससे पहले दिल्ली के 189 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स की टीम नितीश राणा (51 रन, 28 गेंद, छह चौके, दो छक्के) और यशस्वी जायसवाल (51 रन, 37 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) के अर्धशतक के बावजूद चार विकेट पर 188 रन ही बना सकी। रॉयल्स की टीम एक समय 14वें ओवर में एक विकेट पर 112 रन बनाकर काफी मजबूत स्थिति में थी लेकिन दिल्ली की टीम स्टार्क (36 रन पर एक विकेट) की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से वापसी करने में सफल रही।



दिल्ली ने पांच विकेट पर 188 रन बनाए थे। मेजबान टीम की ओर सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने सर्वाधिक 49 रन बनाए। उन्होंने लोकेश राहुल (38) के साथ तीसरे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की। कप्तान अक्षर पटेल ने अंत में 14 गेंद में चार चौकों और दो छक्कों से 34 जबकि ट्रिस्टन स्टब्स ने 18 गेंद में दो चौकों और इतने ही छक्कों से नाबाद 34 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 190 रन के करीब पहुंचाया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स को जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन (31) ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 63 रन जोड़कर शानदार शुरुआत दिलाई। जायसवाल ने मुकेश कुमार पर छक्का जड़ने के बाद मिचेल स्टार्क की लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्का भी मारा।

### खास खबर

## फिनिशर होना कठिन काम है



**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फिनिशर जितेश शर्मा ने कहा कि निचले क्रम पर बल्लेबाजी से उनके लिए अपनी पारियों की अहमियत बढ़ गई है और अब वह 30 या 40 के स्कोर को भी अर्धशतक मानते हैं। उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ कुछ दिन पहले मिली जीत में 19 गेंद में 40 रन बनाए थे। उन्होंने आरसीबी बोल्ड डायरीज के ताजा एपिसोड में कहा, 'अब हर कोई फिनिशर ही है। लेकिन छठे सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं है क्योंकि जब से फिनिशर की भूमिका निभा रहा हूं, मैने अर्धशतक नहीं लगाया है। पहले मैं अर्धशतक और शतक लगाता था।'

## हमारे बल्लेबाजों में खेल जागरुकता का अभाव



**मुल्लांपुर।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने स्वीकार किया कि इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में पंजाब किंग्स से मिली हार में उनके बल्लेबाजों में खेल जागरुकता की कमी थी और उन्होंने उन्हें याद दिलाया कि टी20 प्रारूप में स्ट्राइक रोटेट करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि छक्के मारना। कोलकाता को मंगलवार को यहां एक कम स्कोर वाले मैच में 16 रन से हार का सामना करना पड़ा। पंजाब की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 111 रन पर आउट हो गई लेकिन उसके गेंदबाजों ने कोलकाता की टीम को केवल 95 रन पर ढेर कर दिया।

## नए फिजियो-ट्रेनर की तलाश में बीसीसीआई



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम को जल्दी ही एक नया फिजियोथेरेपिस्ट और स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच मिलने वाले हैं जो अगले दो साल तक बेंगलुरु के उत्कृष्टता केंद्र में नियुक्त होंगे। बीसीसीआई ने दोनों पदों के लिए आवेदन मंगवाए हैं। नितिन पटेल के जाने के बाद खेल विज्ञान और मेडिसिन विभाग को भी नया प्रमुख मिलने वाला है। फिजियो और ट्रेनर उत्कृष्टता केंद्र में काम करेंगे और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में टीम के साथ दौरा करेंगे। फिजियो का पद आकांक्षा सत्यवंशी के जाने के बाद और स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच का पद आनंद दाते के जाने से खाली हुआ है। दोनों पदों के लिए पात्रता उन्नत जीवन सहायता में, मूलभूत जीवन सहायता में सर्टिफिकेशन कोर्स और ट्रॉमा मैनेजमेंट में डिग्री शामिल है। सर्टिफिकेशन कोर्स पिछले दो साल में ही पूरा हुआ होना चाहिए।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 6 | 5 | 1 | 10 |
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| पंजाब | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| कोलकाता | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| राजस्थान | 7 | 2 | 5 | 4 |
| हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 7 | 2 | 5 | 4 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
357 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई


## चैंपियंस लीग : बर्सिलोना को 5-3 के कुल स्कोर से मिला फयदा

# गुइरासी की हैट्रिक बेकार, डॉर्टमुंड जीतकर भी बाहर, सेमीफाइनल में पहुंची बार्सिलोना

एजेंसी ⏭ डॉर्टमुंड

सेरहौ गुइरासी और बोरुसिया डॉर्टमुंड ने 2025 में वह किया जो कोई और नहीं कर सका। उन्होंने बार्सिलोना को हराया लेकिन उनका यह प्रयास भी चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं था। गुइरासी ने हैट्रिक बनाई जिससे डॉर्टमुंड ने क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में बार्सिलोना पर 3-1 से जीत हासिल की। यह स्पेनिश क्लब की पिछले साल दिसंबर के बाद किसी भी तरह की प्रतियोगिता में यह पहली हार थी। इसके बावजूद बर्सिलोना 5-3 के कुल स्कोर से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहा।

बार्सिलोना ने क्वार्टर फ़ाइनल के पहले चरण में 4-0 से जीत हासिल की थी जो आखिर में महत्वपूर्ण साबित हुई। ऐसी परिस्थितियों में डॉर्टमुंड के पास मैच में खोने के लिए कुछ नहीं था और उसने शुरू से ही बार्सिलोना पर हमला किया, जिससे मेहमान टीम का संतुलन बिगड़ गया। गुइरासी ने 11वें, 49वें और 76वें मिनट में गोल किए जबकि बार्सिलोना के फॉरवर्ड रफिन्हा और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की कुछ खास नहीं कर पाए। बार्सिलोना ने दूसरे चरण में अपना खाता 56वें मिनट में रेमी बेंसबैनी के आत्मघाती गोल से खोला। सेमीफाइनल में बार्सिलोना का सामना इंटर मिलान या बायर्न म्यूनिख से होगा।



## एस्टन विला की किस्मत खराब, अंतिम-4 में पीएसजी

**बर्मिंघम।** एस्टन विला की क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में शानदार वापसी के बावजूद पेरिस सेंट जर्मेन इस इंग्लिश क्लब को 5-4 के कुल स्कोर से हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल पहुंचने में सफल रहा। विला ने क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में 3-2 से जीत हासिल की लेकिन पीएसजी ने पहले चरण का मैच 3-1 से जीता था और उसकी यह बढ़त आखिर में निर्णायक साबित हुई। पीएसजी ने पांच सत्र में तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। विला का हौसला बढ़ाने के लिए प्रिंस विलियम भी स्टेडियम में मौजूद थे लेकिन पीएसजी ने विला पार्क में 27 मिनट के अंदर फुल बैक अशरफ हकीमी और नूनो मेंडेस के गोल की बदौलत चार गोल की बढ़त बना ली। विला ने हाफटाइम से पहले यूरी टाईलेमैन्स के गोल से वापसी की जबकि दूसरे हाफ के शुरू में जॉन मैकगिन और एज़री कोन्सा ने दो मिनट के अंतराल में गोल करके उसकी उम्मीद जगा दी। केवल पीएसजी के गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा ने इसके बाद शानदार बचाव करके विला को चौथा गोल करने से रोक दिया।



## खबर संक्षेप

### हैरियट ने अपनी प्रतिद्वंद्वी को डिओडोरेंट लगाने को कहा

**पेरिस।** ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी हैरियट डार्ट ने चेयर अंपायर से अपनी प्रतिद्वंद्वी को डिओडोरेंट लगाने के लिए कहने के बाद माफी मांगी है। फ्रेंच ओपन की तैयारी की सिलसिले में महत्वपूर्ण क्लेकोर्ट टूर्नामेंट रूएन ओपन के पहले दौर में डार्ट फ्रांसीसी खिलाड़ी लोइस बोइसन से 6-0, 6-3 से हार गई। इस मैच के दौरान छोर बदलते समय डार्ट ने चेयर अंपायर से कहा, 'क्या आप उसे (बोइसन) को डिओडोरेंट लगाने के लिए कह सकते हैं, क्योंकि उससे बहुत बदबू आ रही है।' उनकी यह बात माइक्रोफोन ने पकड़ ली और उसकी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इसके बाद डार्ट ने इंस्टाग्राम पर माफी मांगी।




### नितिन ने एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स में जीता रजत

**नई दिल्ली।** भारत के नितिन गुप्ता ने बुधवार को सऊदी अरब के दम्मम में छठी एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 5000 मीटर पैदल चाल में रजत पदक जीता। गुप्ता ने 20 मिनट 21.51 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। चीन के झू निंगहाओ ने 20:21.50 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीनी ताइपे के शेंग किन लो ने 21:37.88 सेकंड के साथ कांस्य पदक हासिल किया। सत्रह वर्षीय गुप्ता ने पिछले महीने पटना में राष्ट्रीय युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान 19:24.48 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया था।



### 'एक क्रिकेटर की पत्नी की डायरी' की लांच 29 को

**नई दिल्ली।** अपनी तरह के अनूठे संस्मरण में भारत के अनुभवी क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा की पत्नी पूजा पुजारा ने क्रिकेटर की पत्नी के रूप में अपने जीवन के अनुभव कलमबद्ध किए हैं। इसमें मैदान के भीतर और बाहर के उतार चढ़ावों और क्रिकेट के दीवाने देश में अपार अपेक्षाओं के बारे में बेबाक ढंग से लिखा है। हार्पर कोलिंस इंडिया द्वारा प्रकाशित यह किताब ' द डायरी ऑफ अ क्रिकेटर्स वाइफ : अ वेरी अनयूजुअल मेमोयर' को पूजा और नमिता काला ने लिखा है जिसका विमोचन 29 अप्रैल को होगा।




### टेनिस

## डेडुरा-पालोमेरो एटीपी टूर पर जीत दर्ज करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी



एजेंसी ⏭ म्युनिख

जर्मनी के 17 साल के डिएगो डेडुरा-पालोमेरो 2008 में जन्मे एटीपी टूर पर मैच जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। डेडुरा-पालोमेरो ने मंगलवार को यहां बीएमडब्लू ओपल के शुरुआती दौर में डेनिस शापोवालोव को पछाड़ने में सफल रहे। शापोवालोव जब मुकाबले में 7-6 (2), 3-0 से पीछे चल रहे थे तब उन्होंने इससे हटने का फैसला किया जिससे डेडुरा-पालोमेरो को जीत मिल गई।

एटीपी ने कहा कि डेडुरा-पालोमेरो से कम उम्र के केवल चार खिलाड़ियों ने एटीपी टूर पर जीत दर्ज की है। इसमें 1984 में 16 वर्षीय बोरिस बेकर भी शामिल हैं। रोमानिया के दीनू पेस्कारिउ ने 1991 में 17 साल की उम्र में जॉन मैकेनरो को हराकर जीत दर्ज की थी। 1991 के बाद यह पहला मामला है जब 17 साल के खिलाड़ी ने एटीपी टूर पर जीत दर्ज की। डेडुरा-पालोमेरो क्वालीफाइंग मुकाबले में अलेक्जेंडर बुब्लिक से हार कर मुख्य दौर से जगह बनाने की दौड़ से बाहर थे लेकिन गेल मोनफिल्स के हटने के बाद इसमें में जगह मिल गई। आठवीं वरीयता प्राप्त शापोवालोव के खिलाफ जीत के बाद डेडुरा-पालोमेरो दूसरे दौर में जिजो बर्ग्स के खिलाफ खेलेंगे।

### अलियासिमे तीन सेट में हारकर बाहर

अन्य मैचों में मारियानो नवोन ने तीसरे वरीय फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 2-6, 6-4, 7-6 (3) से हराया, चौथे वरीय उगो हम्बर्ट ने निकोलस जैरी को 4-6, 6-3, 6-2 से शिकस्त दी और पांचवें वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने जान-लेनार्ड स्ट्रफ के खिलाफ 6-0, 6-2 से जीत दर्ज की। जर्मनी के वाइल्ड कार्ड यानिक हनफमैन ने छठे वरीय जैकब मेनसिक को 7-6 (4), 4-6, 6-3 से हराया।



### राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए मिलेगी चुनौती

**लंदन।** राष्ट्रमंडल खेल ने बुधवार को घोषणा की कि 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए भारत को कनाडा, नाइजीरिया और दो अन्य देशों से चुनौती का सामना करना पड़ेगा। राष्ट्रमंडल खेल 2030 में सौ साल पूरे करेगा। सीडब्लूएस की ओर से यह पुष्टि 'एजेंसी' द्वारा खेल मंत्रालय के एक शीर्ष सूत्र के हवाले से दी गई रिपोर्ट के एक महीने से भी कम समय बाद आई है, जिसमें बताया गया था कि 2036 में ओलंपिक मेजबानी का लक्ष्य रखने वाला भारत 2030 में गुजरात में राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन के लिए अपनी बोली प्रस्तुत की है। सीडब्लूएस ने कहा कि उसे खेलों के 2030 सत्र की मेजबानी के लिए कनाडा और नाइजीरिया के अलावा दो और देशों से 'रुचि की अभिव्यक्ति' प्राप्त हुई है।

# ओलंपिक 2028 में क्रिकेट की मेजबानी करेगा पोमोना शहर

एजेंसी ⏭ दुबई

दक्षिण कैलिफोर्निया का पोमोना शहर 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के दौरान क्रिकेट प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार देर रात को यह घोषणा की।

क्रिकेट प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग में छह-छह टीमें भाग लेंगी। इसका आयोजन पोमोना के फेयरग्राउंड में होगा। यह शहर ओलंपिक खेलों के मुख्य शहर लॉस एंजिल्स से 48 किलोमीटर दूर है। यह खेल 128 साल बाद ओलंपिक का हिस्सा बनने जा रहा है।



आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने कहा, 'हम लॉस एंजिल्स 2028 में क्रिकेट के आयोजन स्थल की घोषणा का स्वागत करते हैं क्योंकि यह ओलंपिक में हमारे खेल की वापसी की तैयारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। क्रिकेट एक बेहद लोकप्रिय खेल है, लेकिन यह खेल का विस्तार करने का एक शानदार अवसर होगा।

तेज-तर्रार, रोमांचक टी20 प्रारूप में ओलंपिक में क्रिकेट नए दर्शकों को आकर्षित करेगा।' क्रिकेट इससे पहले 1900 के पेरिस ओलंपिक खेलों का हिस्सा था। इसे अक्टूबर 2023 में मुंबई में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के 141वें सत्र के बाद लॉस एंजिल्स ओलंपिक कार्यक्रम में शामिल किया गया।

### आईपीएल में हो रही रोबोटिक डॉग की चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत में इन दिनों दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग इंडियन प्रीमियर लीग का 18वां सीजन खेला जा रहा है। लीग में एक से बढ़कर एक रोमांचक मैच देखने को मिल रहे हैं। दुनिया की सबसे महंगी लीग आईपीएल में टेक्नोलॉजी का भरपूर इस्तेमाल किया जाता है। मौजूदा सीजन में भी इसकी बानगी देखने को मिल रही है। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में अब रोबोट कैमरा डॉग के रूप में एक नया अनोखा बदलाव हुआ है। तकनीक के चमत्कार और मनोरंजन के प्रतीक के रूप में चार पैरों वाला यह रोबोट अब सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। आईपीएल द्वारा सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक वीडियो के जरिए इस बात का खुलासा हुआ। इस वीडियो में न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर डैनी मॉरिसन ने रोबोट डॉग को पेश किया।

## रोहित शर्मा का फॉर्म मुंबई के लिए बना चिंता का विषय

# मुंबई और हैदराबाद के मैच में बुमराह की फॉर्म पर निगाह

एजेंसी ⏭ मुंबई

मुंबई इंडियंस की टीम गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए अपने स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। बुमराह को अब सनराइजर्स के ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन जैसे विस्फोटक बल्लेबाजों के सामने कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा। पांच बार के चैंपियन मुंबई के लिए अपने पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की फॉर्म भी चिंता का विषय बना हुआ है। सनराइजर्स की टीम अभी



नौवें स्थान पर है। सनराइजर्स की टीम अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अपनी बल्लेबाजी पर काफी निर्भर है लेकिन उसके प्रमुख बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। इस मैच में सनराइजर्स के बल्लेबाज किशन पर भी निगाह होगी जो अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होंगे। वानखेड़े स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के अनुकूल रही है लेकिन गेंदबाज भी इससे मिलने वाली उछाल का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

### बल्ले के आकार की जांच से कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा

मुंबई। सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने बुधवार को कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग में अंपायरों द्वारा बल्ले के आकार की जांच करने से कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। विटोरी ने कहा कि काश उनके खेलने के दिनों में भी ऐसे मापदंड लागू होते। अंपायर बल्ले की जांच एक गेज से करते रहे हैं, जिससे बल्ले को गुजरना पड़ता है। इसका मकसद बड़े आकार के बल्ले के इस्तेमाल को खत्म करना है। इस सत्र में मैदानी अंपायरों के पास मैच के दौरान बल्ले की जांच करने की छूट है। इसका ताजा उदाहरण कोलकाता नाइट राइडर्स के एनरिक नॉर्किया है।

स्वच्छ पूण्डरी स्वच्छ हरियाणा
स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर
**Municipal Committee, Pundri**
opp. :- C.I.S.K.M.V. College, Main Road, Pundri-136026
E-mail:- secretarymcpundri01@gmail.com, Ph. 01746-270273

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के संबंध में आप पूर्ण जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर नगर पालिका कार्यालय कमरा नंबर-05 में श्रीमति अनिता चौधरी, एम.आई.एस. व श्री नीरज, टी.सी.ओ. मोबाईल नंबर 9034051207 से प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी अज्ञात/बाहरी व्यक्ति से जानकारी प्राप्त करने व संपर्क करने पर नगर पालिका की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-सचिव
नगर पालिका, पूण्डरी

चिंतन

# पशिचम बंगाल में हिंसा रोके ममता सरकार

वक्फ अधिनियम में संशोधन करने का अधिकार संसद को है, संसदीय प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही इसमें संशोधन किया गया है, फिर भी इस संशोधन से किसी को ऐतराज है तो वह अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। किसी को भी कानून के विरोध में खुलेआम हिंसा करने का अधिकार नहीं है। हर चीज के लिए नियम कायदे हैं, पुलिस है, अदालत है, इसके बाद भी अगर कोई ठसक में कानून हाथ में लेने की कोशिश करेगा, हिंसा करेगा, तोड़फोड़ करेगा, तो यह सरासर अपराध है, राज्य शासन किसी को भी ऐसा करने की छूट नहीं दे सकता। विरोध जताने का तरीका हिंसक नहीं हो सकता है। वक्फ संशोधन अधिनियम के लागू होने के बाद से देश में मुस्लिम संगठनों व विपक्षी दलों द्वारा प्रायोजित विरोध-प्रदर्शन और इस दौरान बेकाबू हिंसा की घटनाएं लोकतांत्रिक व्यवस्था व न्याय के पाने के सिद्धांत को तार-तार कर रही हैं। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंसा शर्मनाक है, इसमें तीन लोगों की जान गई, कई घर जला दिए गए और सैकड़ों हिंदुओं को जान बचाने के लिए दूसरे जिले में पलायन करना पड़ा। इस पूरे घटनाक्रम में पश्चिम बंगाल की पुलिस हिंसा रोकने में विफल रही, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा का दायित्व निभाने में नाकाम रही, जो कि किसी भी राज्य सरकार का प्रथम संवैधानिक दायित्व है। ममता की टीएमसी के मंत्री, विधायक व नेताओं ने जिस तरह के बयान दिए, वो और भी चिंता पैदा करने वाली है, क्या जन प्रतिनिधि ऐसे हो सकते हैं, जो तटस्थ न हो, जो हिंसा पर शर्मिंदा न हों और जो उसे रोकने की कोशिश न करें। सुप्रीम कोर्ट को हिंसा पर चिंता प्रकट करनी पड़ी है, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार के लिए इससे शर्मनाक स्थिति क्या हो सकती है? उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान हो रही हिंसा ''बहुत व्यथित करने वाली'' है। दरअसल, प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने नव-संशोधित वक्फ कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह तल्ख टिप्पणी की। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा, ''एक बात जो बहुत व्यथित करने वाली है, वह है यहां हो रही हिंसा। अगर मामला यहां लंबित है तो ऐसा नहीं होना चाहिए।'' इसी तरह केंद्र की ओर से उपस्थित सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, ''वे (प्रदर्शनकारी) सोचते हैं कि वे इससे व्यवस्था पर दबाव बना सकते हैं।'' सुप्रीम अदालत की बात के मर्म को समझें तो साफ है कि जब मामला अदालत में है, तो सड़क पर विरोध का क्या मतलब है? फिर ये हिंसा करने वाले कौन लोग हैं? हिंसा रोकने में ममता सरकार की नाकामी ही है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय को हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश देना पड़ा। ममता बनर्जी खुद सीएम का दायित्व निभाने की बजाय राजनीति में लिप्त नजर आ रही हैं, जब वो बयान दे रही हैं कि मुर्शिदाबाद में हुई सांप्रदायिक हिंसा पूर्व नियोजित थी, भाजपा और केंद्रीय एजेंसियों के एक वर्ग ने हिंसा भड़काई। ममता को अपने पद का भान होना चाहिए, वो क्या बोल रही हैं, वह आरोपों नहीं तथ्यों पर आधारित होना चाहिए। खुद के शासन में हो रही हिंसा को लेकर सीएम ममता आरोपों का खेल कैसे खेल सकती हैं? सीएम ममता को नागरिकों की सुरक्षा बिना भेदभाव सुनिश्चित करनी चाहिए और पश्चिम बंगाल में शांति स्थापित करनी चाहिए। सीएम के नाते यह उनका संवैधानिक दायित्व है।



स्वास्थ्य
प्रोफेसर अश्वनी महाजन

# कम तेल खाना सेहत के लिए अच्छा

आज भारत में बड़ी संख्या में लोग वज़न कम होने से कम, बल्कि मोटापे की समस्या से ज्यादा पीड़ित हैं। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों से खाद्य तेलों का इस्तेमाल कम से कम करने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी है कि साल 2050 तक भारत में 44 करोड़ लोग मोटापे की समस्या से पीड़ित होंगे, जो कई बीमारियों की जड़ है। यदि हमारे खाद्य तेल की खपत कम हो जाती है, तो वर्ष 2030 तक देश में मोटापे से ग्रस्त लोगों की संख्या बढ़ने की चिंता का भी कुछ हद तक समाधान हो जाएगा। इससे बीमारियां कम होंगी, बीमारियों पर होने वाला खर्च बचेगा और साथ ही लोगों की कार्यक्षमता पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

भारत के बारे में एक आम धारणा यह है कि भारत भयंकर भूख से पीड़ित देश है। अगर हम वेल्टहंगर हिल्फ़ की रिपोर्ट पर यकीन करें तो आज भी भारत 127 देशों की सूची में भूख के मामले में 105वें स्थान पर है। लेकिन सच यह है कि आज भारत में बड़ी संख्या में लोग वज़न कम होने से कम, बल्कि मोटापे की समस्या से ज़्यादा पीड़ित हैं। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों से खाद्य तेलों का इस्तेमाल कम से कम करने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी है कि साल 2050 तक भारत में 44 करोड़ लोग मोटापे की समस्या से पीड़ित होंगे, जो कई बीमारियों की जड़ है।

गौरतलब है कि स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि टाइप-2 डायबिटीज़, हृदय रोग, कैंसर और स्ट्रोक समेत कई बीमारियां मुख्य रूप से मोटापे की वजह से होती हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2015-16 और 2020-21 के अनुसार, इन 5 वर्षों में मोटापे से पीड़ित महिलाओं की संख्या 20.6 प्रतिशत से बढ़कर 24 प्रतिशत हो गई, जबकि पुरुषों में यह 18.9 प्रतिशत से बढ़कर 22.9 प्रतिशत हो गई। यानी हमारी लगभग एक-चौथाई आबादी मोटापे से पीड़ित है। मोटापे की समस्या आम तौर पर जीवनशैली से जुड़ी होती है। इसके कई कारण हैं, जिनमें शारीरिक श्रम की कमी, वसा (खाद्य तेल), चीनी और नमक का अधिक सेवन शामिल है। अगर हम खाद्य तेलों के उपयोग की बात करें तो हम देखते हैं कि खाद्य तेलों की प्रति व्यक्ति खपत, जो 1950 से 1960 के दशक में प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष केवल 2.9 किलोग्राम थी, अब उद्योग रिपोर्ट के अनुसार बढ़कर 19.4 किलोग्राम प्रति व्यक्ति वार्षिक हो गई है। गौरतलब है कि जनसंख्या 1951 में 35.4 करोड़ से बढ़कर 2023 तक 143.8 करोड़ हो गई और इस अवधि के दौरान खाद्य तेलों की घरेलू उपलब्धता 13.8 लाख टन से बढ़कर 114 लाख मीट्रिक टन हो गई। लेकिन इसी अवधि के दौरान, 1951 में खाद्य तेलों के नगण्य आयात की तुलना में, 2022-23 तक यह 164.7 लाख टन तक पहुंच गया। घरेलू उत्पादन में आयात को जोड़कर, खाद्य तेलों की कुल उपलब्धता 2022-23 तक 278.7 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गई। यह ध्यान देने योग्य है कि यदि खाद्य तेलों की खपत आईसीएमआर द्वारा अनुशंसित सीमा के भीतर हो तो भले ही घरेलू उत्पादन मौजूदा स्तर पर बना रहे, भारत को खाद्य तेलों के आयात की आवश्यकता केवल 56.64 लाख मीट्रिक टन होगी। देश को खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनाने तथा आयात पर बोझ कम करने के लिए भारत सरकार द्वारा अक्टूबर 2024 में खाद्य तेल मिशन शुरू किया गया, जिसके अनुसार 10103 रुपये का व्यय किया जाएगा तथा प्राथमिक तिलहनों का उत्पादन वर्ष 2022-23 में 390 लाख टन से बढ़ाकर अगले 7 वर्षों में 697 लाख टन करने का लक्ष्य रखा गया है। कहा जा सकता है कि इससे आयात पर निर्भरता कम होगी। यदि प्रधानमंत्री की अपील भी कारगर रही तो आयात और भी कम हो जाएगा। वर्तमान में भारत में उत्पादित खाद्य तेलों का 67.4 प्रतिशत विभिन्न प्राथमिक तिलहनों से, 5.1 प्रतिशत नारियल से, 2.2 प्रतिशत ताड़ से, 11.0 प्रतिशत कपास के बीजों से, 9.8 प्रतिशत चावल की भूसी से, 3.1 प्रतिशत तिलहनों के सॉल्वेंट निष्कर्षण से तथा 1.4 प्रतिशत वनों एवं वृक्षों



से प्राप्त होता है। देश में विभिन्न प्रकार के तिलहनों का उत्पादन पारंपरिक तरीके से किया जाता है। भारत के पारंपरिक खाद्य तेल काफी हद तक स्वास्थ्य के लिए अच्छे माने जाते हैं। लेकिन विदेशों पर हमारी निर्भरता के कारण देश में बड़ी मात्रा में ऐसे तेल आयात और उपयोग होने लगे, जिन्हें स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है। यह भी माना जाता है कि जीएम खाद्य तेलों का भी अवैध रूप से बड़ी मात्रा में आयात किया जा रहा है। आज जब भारत में खाद्य तेलों की कुल खपत का 57 फीसदी आयात से पूरा होता है, जिसमें से 59 फीसदी पाम ऑयल से आता है। इसके अलावा सूरजमुखी तेल, सोयाबीन तेल, पाम ऑयल का भी आयात किया जाता है। भारत के अपने उत्पादित तेलों में सरसों तेल की हिस्सेदारी 33 फीसदी, मूंगफली तेल की 25.4 फीसदी और सोयाबीन की 19 फीसदी है। सरसों तेल का भारतीय खानपान में काफी महत्व है और यह सबसे ज्यादा लोकप्रिय भी है। लेकिन खाद्य तेलों के अपर्याप्त उत्पादन और प्रति व्यक्ति खपत में लगातार वृद्धि तथा बढ़ती जनसंख्या के कारण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पाम ऑयल जैसे तेल भी बड़ी मात्रा में भारत में प्रवेश कर चुके हैं। भारत में बड़ी मात्रा में आयात किया जाने वाला पाम ऑयल, जो अब हमारी खाद्य श्रृंखला का एक प्रमुख हिस्सा बन चुका है, वास्तव में स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। इसमें संतृप्त वसा की उच्च मात्रा के कारण हानिकारक एलडीएल कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की संभावना है, जिससे हृदय रोग, मोटापा और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन सस्ता होने के कारण इसका आयात लगातार बढ़ रहा है। यह भी माना जाता है कि भारत में सरसों के तेल में ब्लेंडिंग के नाम पर बड़ी मात्रा में पाम ऑयल मिलाकर बेचा जाता है। इसके अलावा जीएम तेलों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव की चिंता भी महत्वपूर्ण है। यह अनुभव किया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी लोकप्रियता के कारण लोगों को जो भी सलाह या अपील करते हैं, उसका लोगों पर निश्चित रूप से महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। चाहे खुले में शौच से जुड़ी अपील हो, या स्वच्छता की बात हो, या कोविड के दौरान टीका लगवाने की सलाह हो, या गैस सब्सिडी छोड़ने की बात हो, ऐसे कई उदाहरण हैं जहां लोगों ने प्रधानमंत्री की बातों को बहुत गंभीरता से लिया और देश और समाज को इससे बहुत लाभ हुआ। इसी तरह प्रधानमंत्री द्वारा लोगों को अपने भोजन में खाद्य तेलों की खपत 10 प्रतिशत कम करने की दी गई सलाह वास्तव में देश के लोगों के स्वास्थ्य और देश की अर्थव्यवस्था दोनों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। वर्ष 2030 में 151 करोड़ की अपेक्षित आबादी के साथ, यदि देश में खाद्य तेलों की प्रति व्यक्ति वार्षिक खपत 10 प्रतिशत कम हो जाती है; तो इसका कुल प्रभाव यह होगा कि देश में खाद्य तेलों का आयात वर्तमान 164.7 लाख टन से घटकर मात्र 60.7 लाख टन रह जाएगा, यानी आयात में 63 प्रतिशत की कमी आएगी। देश से बहुमूल्य विदेशी मुद्रा का बहिर्गमन भी आनुपातिक रूप से कम हो जाएगा। यदि हमारे खाद्य तेल की खपत कम हो जाती है, तो वर्ष 2030 तक देश में मोटापे से ग्रस्त लोगों की संख्या बढ़ने की चिंता का भी कुछ हद तक समाधान हो जाएगा। इससे बीमारियां कम होंगी, बीमारियों पर होने वाला खर्च बचेगा और साथ ही लोगों की कार्यक्षमता पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इतना ही नहीं, देश के किसान, जो सस्ते पाम ऑयल के आयात के कारण फिलहाल तिलहनों का उचित मूल्य नहीं पा रहे हैं, उन्हें भी अपने तिलहनों पर बेहतर मूल्य मिलने लगेंगे, जिससे देश में तिलहन उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। यह कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री की इस सलाह का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की तत्काल आवश्यकता है, ताकि लोगों के स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था की सेहत दोनों में सुधार हो सके।

(लेखक पूर्व प्रोफेसर, पीजीडीएवी कॉलेज, दिल्ली विवि हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष
कृष्ण प्रताप सिंह



# अटल जी को 'गुरुदेव' कहते थे चन्द्रशेखर

वर्ष 1927 में 17 अप्रैल को यानी आज के ही दिन उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक बलिया जिले में स्थित इब्राहिमपट्टी गांव के एक सामान्य परिवार में जन्मे देश के आठवें प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर का कोई आधी शताब्दी का राजनीतिक जीवन कई चढ़ाव-उतारों से भरा रहा। वे कभी राजनीतिक अस्पृश्यता व असहिष्णुता के फेर में नहीं पड़े और 2007 में आठ जुलाई को इस संसार से अजातशत्रु के रूप में विदा हुए। उनकी अजातशत्रुता की एक मिसाल यह भी है कि अलग-अलग और परस्पर विरोधी खेमों में रहने के बावजूद वे अटल बिहारी वाजपेयी को हमेशा 'गुरुदेव' कहकर ही बुलाते रहे। वे 'गुरुदेव' से पहले प्रधानमंत्री बन गये तो भी उनका यह सम्बोधन नहीं बदला। जब भी संसद में अटल भाषण दे रहे होते और विरोधी नेता शोरगुल करते, वे शोरगुल शांत कराने की कोशिश जरूर करते थे। यह और बात है कि अटल के प्रधानमंत्रीकाल में वे उनकी कई नीतियों के मुखर आलोचक भी रहे। एक समय तो वे उनसे यह कहने से भी नहीं चूके थे कि 'गुरुदेव, अगर आप सर्वोच्च पद पर रहते हुए भी देश का काम नहीं कर पा रहे तो आपको हट जाना चाहिए।'

इस संयोग की कई हल्कों में आज भी रस लेकर चर्चा की जाती है कि इनमें शिष्य अपने गुरुदेव से पहले प्रधानमंत्री बन गया था, लेकिन सर्वश्रेष्ठ सांसद बनने में वह उनसे पिछड़ गया था। बहरहाल, हम जानते हैं कि अपने कई दशक समाजवादी आंदोलन को देने के बाद चन्द्रशेखर कांग्रेस में जाकर 'युवा तुर्क' तो कहलाये थे, लेकिन उन दिनों की उसकी शीर्षस्थ नेता इंदिरा गांधी से वैचारिक असहमतियों ने उसमें उनकी पारी लम्बी नहीं होने दी थी। 1975 में इंदिरा गांधी ने देश पर इमर्जेंसी थोपी तो विपक्षी नेताओं के साथ उनको भी जेल भेज दिया था। 1977 में वे इंदिरा के विरुद्ध हुए जनता पार्टी के प्रयोग में शामिल होकर उसके अध्यक्ष पद तक पहुंचे। कोई दशक भर बाद जनता दल नामक प्रयोग में 10 नवम्बर, 1990 को बेहद विपरीत परिस्थितियों में वे तब देश के आठवें प्रधानमंत्री बने, जब अयोध्या मामले को लेकर रथयात्रा निकाल रहे वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को बिहार में गिरफ्तार कर लिया गया और उससे खफा भाजपा ने विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार से समर्थन वापस लेकर उसे गिरा दिया। यह सरकार गिर जाने के उपरांत सत्तारूढ़ जनता दल में फूट पड़ गई थी और उसके सांसदों के एक गुट ने चन्द्रशेखर के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए उसने उस कांग्रेस का 'बाहरी समर्थन' लेने से भी परहेज नहीं किया था, जिसके खिलाफ उसने साल भर पहले चुनाव लड़ा था। इसलिए चन्द्रशेखर के शपथग्रहण के दिन से ही देश को पता था कि उनकी सरकार की उम्र बहुत लम्बी नहीं होने वाली और चन्द्रशेखर आठ महीने से कुछ कम ही प्रधानमंत्री की कुर्सी पर रह पाये थे। इन आठ महीनों का इस अर्थ में बड़ा महत्व है कि बतौर प्रधानमंत्री उन्होंने जो भी फैसले लिये, किसी दबाव में आये बिना बहुत दृढ़ होकर लिये। उनसे उन्हें वापस लेने की मांग की जाने लगी तो भी बेलाग-लपेट यही कहा कि 'मैं राजीव गांधी नहीं हूं जो एक दिन में तीन बार फैसला बदलूं।' उन्हें सत्ता मिली तो देश की अर्थव्यवस्था की हालत बेहद खस्ता थी। देश की साख बचाने के लिए 21 से 31 मई के बीच देश का बीस हजार टन सोना स्विट्जरलैंड के यूबीएस बैंक में गिरवी रखना पड़ा था। चन्द्रशेखर ने इस विकट स्थिति का बहुत दृढ़ होकर सामना किया। अपनी आत्मकथा 'जीवन जैसा जिया' में प्रधानमंत्री बनने से पहले के अपने जीवन का जिक्र करते हुए चन्द्रशेखर ने लिखा है कि प्रधानमंत्री तो क्या, संसद सदस्य बनना भी उनके सपने में नहीं था। उन्हें लगता था कि सांसद जब भी आपस में मिलते होंगे, देश और समाज की गंभीर समस्याओं को हल करने पर ही विचार-विमर्श करते होंगे। लेकिन बाद में यह देखकर उन्हें बहुत निराशा हुई कि ऐसा नहीं था और सांसदों को आमतौर पर अपने घरों की चमक-दमक की ही ज्यादा फिक्र रहती थी। राज्यसभा के वर्तमान उपसभापति हरिवंश उनके प्रधानमंत्री काल में उनके अतिरिक्त सूचना सलाहकार हुआ करते थे। उन्होंने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर पुस्तक लिखी है। हरिवंश के अनुसार चंद्रशेखर जीवनभर पूरी तरह फियरलेस थे और अपनी बात को लेकर सत्ता के शिखर पर बैठे लोगों से टकराने में अपनी दोस्ती तक को दांव पर लगा देते थे।



(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# वैयक्तिक अहंकार से प्रगति रुक जाती है



संकलित
दर्शन

निरन्तर विकसित होते रहना यह जीवन धर्म है। प्रगति जीवन के अस्तित्व की सूचक है। जहां जीवन है वहां प्रगति है, विकास है। जड़ता में जीवन कहां ? मानव ही नहीं पशु पक्षियों में भी विकास की प्रक्रिया गतिमान रहती है। मानव की विकास प्रक्रिया में एक विशेषता है कि वह अपने विकास को सम्यक दिशा दे सकता है। अक्सर प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठ विकास ही चाहता है किन्तु फिर भी वह उसे पाने में असफल रहता है तो उसका सबसे बड़ा कारण होता है अहंकार। अहंकार व्यक्ति को सही दिशा में बढ़ने नहीं देता। मानव उस दिशा में दो कदम बढ़ा भी देता है तो उसका अहंकार आकर खड़ा हो जाता है। और वो आगे बढ़े हुए कदम वापस पीछे ले जाता है । अर्हम् को प्राप्त करने के लिये अहं का त्याग करना होगा। अर्हम परमात्मा का वाचक शब्द है। हम इसके उपासक हैं किन्तु अहम का त्याग किये बिना अर्हम् की आराधना कैसे होगी ? आज अधिकांश व्यक्ति बहुत अधिक महत्वाकांक्षी हो गये हैं उन्हें अपनी पूछ और इज्जत चाहिये किन्तु वे औरों को इज्जत नहीं देना चाहते। यह अहंकार ही हमारी सारी विकास योजनाओं को असफल किये जा रहा है। हम ऊंचा लक्ष्य रख कर आगे बढ़ें, यह बुरा नहीं किन्तु अहंकार को छोड़े बिना उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती।

# प्रार्थना के बाद भी भगवान नहीं सुन रहे?



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ के घर के बाहर एक साधू महाराज खड़े होकर प्रार्थना कर रहे थे और बदले में खाने को रोटी मांग रहे थे। सेठानी काफी देर से उसको कह रही थी कि आ रही हूँ। रोटी हाथ में थी पर फिर भी कह रही थी कि रुको आ रही हूँ। साधू ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे और रोटी मांग रहे थे । सेठ ये सब देख रहा था पर समझ नहीं पा रहा था, आखिर सेठानी से बोला- रोटी हाथ में लेकर खड़ी हो, वो बाहर मांग रहे हैं, उन्हें कह रही हो आ रही हूँ तो उन्हें रोटी क्यों नहीं दे रही हो? सेठानी बोली- हाँ रोटी दूँगी, पर क्या है ना कि मुझे उनकी प्रार्थना बहुत अच्छी लग रही है, अगर उनको रोटी दे दूँगी तो वो आगे चले जायेंगे। मुझे उसकी प्रार्थना और सुननी है। यदि प्रार्थना के बाद भी भगवान आपकी नहीं सुन रहे हैं तो समझना कि उस सेठानी की तरह प्रभु को आपकी प्रार्थना प्यारी लग रही है, इसलिए इंतजार करो और प्रार्थना करते रहो। जीवन में कैसा भी दुःख और कष्ट आए पर प्रार्थना मत छोड़िए। क्या कष्ट आता है तो आप भोजन करना छोड़ देते हैं? क्या बीमारी आती है तो आप सांस लेना छोड़ देते हैं? नहीं ना? फिर जरा सी तकलीफ आने पर आप प्रार्थना करना क्यों छोड़ देते हो? कभी भी दो चीजें मत छोड़िये। भोजन छोड़ दोगे तो जिंदा नहीं रहोगे और प्रार्थना छोड़ दोगे तो कहीं के नहीं रहोगे। सही मायने में जिंदगी में प्रार्थना और भोजन दोनों ही आवश्यक हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

### आठवें वेतन आयोग के गठन में विलंब क्यों?

जनवरी 2025 में जब केंद्र सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की, तो देश भर के लाखों सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। यह घोषणा उनके लिए किसी उत्सव से कम नहीं थी, क्योंकि वेतन आयोग का गठन न केवल उनकी आय को बढ़ाने का वादा करता है, बल्कि उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने और महंगाई के दबाव को कम करने का भी एक अवसर प्रदान करता है। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, यह उत्साह धीरे-धीरे निराशा और बेचैनी में बदलने लगा। अप्रैल माह भी आधा बीत गया, मगर अभी तक न तो वेतन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति की गई है, न ही इसका कोई अध्यक्ष घोषित किया गया है। *- सुनील सक्सेना, भिलाई*

## करंट अफेयर

# मालदीव ने गाजा युद्ध के कारण लगाया प्रतिबंध

मालदीव ने गाजा में युद्ध के कारण इजराइली पासपोर्ट धारकों को देश में प्रवेश से रोकने के लिए अपने आव्रजन कानून में बदलाव किया है। राष्ट्रपति कार्यालय के एक बयान के अनुसार, संशोधन को सोमवार को संसद द्वारा पारित किया गया और मंगलवार को राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने इसे मंजूरी दी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि यह कानून दोहरी नागरिकता वाले उन लोगों पर लागू होगा या नहीं जिनके पास इजराइल और किसी अन्य देश का पासपोर्ट है। मंत्रिमंडल ने आव्रजन कानून में बदलाव का निर्णय लगभग एक वर्ष पहले लिया था, लेकिन सरकार ने इस सप्ताह इसे औपचारिक रूप दिया। बयान में कहा गया, 'यह बदलाव फलस्तीनी लोगों के खिलाफ इजराइल द्वारा किए जा रहे अत्याचारों और नरसंहार कृत्यों के जवाब में सरकार के दृढ़ रुख को दर्शाता है।' मालदीव मुख्य रूप से सुन्नी बहुल मुस्लिम राष्ट्र है जहां अन्य धर्मों का प्रचार प्रसार और पालन करना कानूनी रूप से प्रतिबंधित है। आव्रजन के उपलब्ध नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में इजराइली पासपोर्ट वाले 59 लोग मालदीव पहुंचे।



## ऑफ बीट

# रात में पसीना आने के कई कारण हो सकते हैं

पसीना आना शरीर की शीतलन प्रणाली का एक सामान्य हिस्सा है, जो गर्मी छोड़ने और शरीर के इष्टतम तापमान को बनाए रखने में मदद करता है। लेकिन नियमित रूप से रात में जागना, अत्यधिक पसीने से भीगना सही नहीं है। मस्तिष्क में स्थित हाइपोथैलेमस, अंत:स्रावी तंत्र का हिस्सा है और शरीर के लिए तापमान नियंत्रण केंद्र है। इसमें तापमान सेंसर होते हैं जो केंद्रीय रूप से (अंगों में) और परिधीय रूप से त्वचा में स्थित तंत्रिका कोशिकाओं (थर्मोरिसेप्टर्स) से जानकारी प्राप्त करते हैं। थर्मोरिसेप्टर्स शरीर के तापमान में बदलाव का पता लगाते हैं, हाइपोथैलेमस को वापस संकेत भेजते हैं। ये संकेत या तो शरीर को ठंडा करने के लिए पसीने को सक्रिय करेंगे या शरीर को गर्म करने के लिए कंपकंपी को सक्रिय करेंगे। उम्र या लिंग कोई भी हो, किसी को भी रात में पसीना आने का अनुभव हो सकता है। लेकिन पुरुषों की तुलना में महिलाओं को रात में पसीना अधिक आता है, इसका मुख्य कारण रजोनिवृत्ति और संबंधित बदलते हार्मोन स्तर हैं। ऐसा माना जाता है कि एस्ट्रोजन के स्तर में बदलाव से नॉरपेनेफ्रिन और सेरोटोनिन के स्तर पर प्रभाव पड़ता है, ये दो न्यूरोट्रांसमीटर हैं, जो हाइपोथैलेमस में तापमान विनियमन को प्रभावित करते हैं।



## ट्रेंड

### दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान

राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ सार्थक बातचीत हुई। फिनलैंड यूरोपीय संघ का एक महत्वपूर्ण साझेदार देश है। हम अपने संबंधों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान किया।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### संविधान से चलेगा देश

कुछ लोग कह रहे हैं कि उनके लिए 'संविधान' से बढ़कर 'शरीयत' है, मैं 'उनसे' कहना चाहता हूं- भारत तो बाबा साहब के द्वारा बनाए गए संविधान से चलेगा, जहां शरीयत का कानून लागू होता है, उनको वहां जाना चाहिए...
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र




### मुनियों पर हमला निंदनीय

मप्र के नीमच में मंदिर में विश्राम कर रहे जैन मुनियों पर हिंसक हमला घोर निंदनीय है। इस मामले की गहरी जाँच हो न कि दिखावटी कार्रवाई और इस दुर्भावनापूर्ण कुकृत्य के पीछे की असली मंशा जगज़ाहिर हो कि सम्मानीय मुनियों के ऊपर ये घातक हमला क्यों हुआ।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद



### महिला श्रम बल

हमारी महिला श्रम बल भागीदारी दर में सुधार न केवल लैंगिक समानता के दृष्टिकोण से, बल्कि आर्थिक विकास और सतत विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है।
-किरण मजूमदार, उद्यमी



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### मुस्लिम धर्म गुरुओं के साथ बैठक में बोलीं ममता

# भाजपा समाज को बांट रही, हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे, यहां हिंसा पूर्व नियोजित थी

## वक्फ पर बंगाल के कई शहरों में हुई हिंसा, प्रदर्शन और हमले

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने मौलवियों और मुस्लिम धर्म गुरुओं के साथ बैठक की। यह बैठक वक्फ संशोधन अधिनियम के संबंध में थी। बैठक कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में हुई। ममता ने कहा कि उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति में सभी धर्मों के लोगों ने भूमिका निभाई है, लेकिन भाजपा समाज को बांट रही है। संविधान को कमजोर करने के प्रयास जारी है।

**भाजपा ने रामनवमी पर हिंसा की योजना बनाई थी**



ममता ने कहा कि भाजपा ने रामनवमी के दौरान दंगे कराने की योजना बनाई थी, लेकिन वह विफल रही। मैं लोगों को विभाजित नहीं होने दूंगी। हम भाजपा को केंद्र की सत्ता से बेदखल करने के बाद उसके लाए गए सभी जनविरोधी विधेयकों को वापस लेंगे। उन्होंने कहा कि सभी धर्मगुरु लोगों के पास जाएं, एकता का संदेश दें।

**योगी पर की अभद्र टिप्पणी**

बनर्जी ने वक्फ एक्ट को लेकर इमामों के साथ एक बैठक में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि योगी सबसे बड़ा 'भोगी' है। योगी ने मंगलवार को ममता पर तीखा हमला बोला था।

### दिल्ली रेल आईजी ने दिया इस्तीफा

# बिहार पहुंचे, मुकेश सहनी की पार्टी से चुनाव लड़ेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व आईपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे और आनंद मिश्रा के बाद एक और अधिकारी की बिहार की राजनीति पारी में एंट्री हो चुकी है। सीतामढ़ी के मेहसौल आजाद चौक निवासी नूरुल होदा आज सन ऑफ मल्लाह मुकेश सहनी की पार्टी में शामिल हुए। सियासी पारी की शुरुआत करने से पहले वह दिल्ली रेलवे के आईजी पद पर थे। कुछ दिन पहले ही उनका इस्तीफा सरकार ने स्वीकार किया है। बुधवार को पटना मौर्या लोक होटल के सभागार में



अपने समर्थकों के साथ मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी में शामिल हुए। मुकेश सहनी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। नूरुल होदा सीतामढ़ी जिले के किसी विधानसभा से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। मुकेश सहनी ने कहा कि नूरुल होदा दो माह पहले हमसे मिले थे। तब उन्होंने बिहार की सेवा करने की बात कही थी।

### सैनिटरी कचरा का निपटान देशभर में बड़ी चुनौती

# महाराष्ट्र का कराड एक रोल मॉडल के रूप में उभरा और उसने मानक स्थापित किया

## यहां प्रतिदिन लगभग 350 किलोग्राम जमा हो रहा

एजेंसी ▶▶ कराड

महाराष्ट्र के कराड में अस्पतालों, क्लीनिकों, घरों और अन्य स्थानों से प्रतिदिन लगभग 350 किलोग्राम सैनिटरी कचरा जमा किया जाता है। भारत में सैनिटरी कचरे का प्रबंधन बड़ी चुनौती है, इसका अनुचित तरीके से निपटान होने से पर्यावरण और स्वास्थ्य संबंधी खतरे पैदा होते हैं। सतारा जिले का एक छोटा शहर कराड इस मुद्दे से निपटने में एक रोल मॉडल के रूप में उभरा है। सैनिटरी और बायोमेडिकल कचरे के शत-प्रतिशत पृथक्करण, संग्रह और प्रसंस्करण के साथ, कराड ने प्रभावी और टिकाऊ कचरा प्रबंधन के लिए एक मानक स्थापित किया है।

**महिलाओं ने भी सहयोग किया**



आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने एक बयान जारी कर इसके बारे में बताया है। कराड नगर परिषद (केएमसी) ने महिलाओं के साथ मिलकर काम किया, जिससे महिला समूहों का गठन हुआ, जिन्होंने आवासीय क्षेत्रों में उचित सैनिटरी अपशिष्ट निपटान और पृथक्करण के बारे में जागरुकता बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाई। स्कूलों को सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन और निपटान प्रणाली स्थापित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### घर गिराने के बाद नगर निगम ने मांगी माफी



**नागपुर।** सांप्रदायिक हिंसा के आरोपियों की संपत्तियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने हिदायत दी थी कि कोई भी कार्रवाई कानूनी प्रक्रिया अपनाए बगैर नहीं की जा सकती। मगर नागपुर नगर निगम ने दंगा आरोपी फहीम खान का दो-मंजिला मकान गिरा दिया। नगर निगम ने बॉम्बे हाई कोर्ट की बेंच के सामने माफी मांग ली है।

### बर्क का न्यायिक जांच आयोग में बयान दर्ज



**लखनऊ।** संभल में 24 नवंबर को हुए बवाल के मामले में आरोपी सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क बुधवार को न्यायिक जांच आयोग के सामने बयान दर्ज कराने के लिए लखनऊ पहुंचे। आयोग ने उन्हें और एक विधायक के बेटे को आयोग के लखनऊ स्थित कार्यालय में पेश होने के लिए समन भेजा था।

### मुंबई हवाई अड्डे पर 21.78 करोड़ की कोकीन पकड़ी

**मुंबई (भाषा)।** राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 21.78 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन की तस्करी के आरोप में अफ्रीकी देश गिनी की एक महिला को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि महिला केन्या की राजधानी नैरोबी से यहां छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी थी।


### मुंबई हवाई अड्डे पर 21.78 करोड़ की कोकीन पकड़ी

**मुंबई (भाषा)।** राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 21.78 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन की तस्करी के आरोप में अफ्रीकी देश गिनी की एक महिला को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि महिला केन्या की राजधानी नैरोबी से यहां छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी थी।


### कांग्रेस का देशभर में ईडी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन, भाजपा का पलटवार

**सोनिया और राहुल पर चार्जशीट का किया विरोध**

# नेहरू खानदान की जागीर नहीं था नेशनल हेराल्ड, किसी को भी लूटने का अधिकार नहीं

## पार्टी मुख्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 'नेशनल हेराल्ड' मामले को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि किसी के पास भी ''लूटने का अधिकार'' नहीं है। पार्टी ने कांग्रेस के इन आरोपों को भी खारिज कर दिया जिसमें उसने, 'नेशनल हेराल्ड' मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा आरोपपत्र दाखिल किए जाने के बाद, बदले की भावना से काम करने का आरोप लगाया था। पूर्व कानून मंत्री और भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि (नरेन्द्र) मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तहत कानून अपना काम करेगा और जांच एजेंसियां कांग्रेस की ''धमकियों'' से नहीं घबराएंगी। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि कांग्रेस पार्टी गांधी परिवार के खिलाफ आरोपों पर जवाब दे, न कि राजनीतिक प्रतिक्रिया दे। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल को जांच के खिलाफ अपनी याचिकाओं में न्यायपालिका से कोई राहत नहीं मिली। उन्होंने गांधी परिवार के खिलाफ मुख्य आरोप को रेखांकित किया कि 'यंग इंडिया कंपनी' के 76 प्रतिशत शेयरधारक के रूप में उन्होंने (सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने) एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के स्वामित्व वाली हजारों करोड़ की अचल संपत्ति का ''दुरुपयोग'' किया, जिसके पास 'नेशनल हेराल्ड' अखबार का स्वामित्व था।

**रविशंकर प्रसाद ने बोला विपक्ष पर हमला**

**सरकार कानून के तहत काम करेगी**



**सार्वजनिक संपत्ति का दुरुपयोग करने का अधिकार नहीं**

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि कांग्रेस को (सोनिया गांधी और राहुल के खिलाफ ईडी के आरोपपत्र का विरोध करने के लिए) 'धरना' देने का अधिकार है, लेकिन उन्हें 'नेशनल हेराल्ड' को सरकार द्वारा दी गई सार्वजनिक संपत्ति का दुरुपयोग करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कांग्रेस पर जांच एजेंसी को धमकी देने का आरोप लगाया और पूछा कि क्या पार्टी और गांधी परिवार कानून की उचित प्रक्रिया में विश्वास करते हैं या नहीं।

ईडी ने कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से जुडे मनी लॉन्ड्रिंग केस में मंगलवार को पहली चार्जशीट दाखिल कर दी। इसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे के नाम शामिल हैं। दिल्ली में पार्टी मुख्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। मामले की सुनवाई 25 अप्रैल को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में होगी। कोर्ट ने ईडी से मामले की केस डायरी भी मांगी है। 2012 में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने सोनिया, राहुल और उनकी सहयोगी कंपनियों से जुड़े लोगों के खिलाफ इस मामले की शिकायत की थी। 12 अप्रैल 2025 को जांच के दौरान कुर्क संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई की गई। ईडी ने दिल्ली, लखनऊ और मुंबई में 661 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को कब्जे में लेने के लिए नोटिस जारी किया था।

### एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा विरोधियों को दबाया जा रहा : कांग्रेस




ईडी ने कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड से जुड़े केस में चार्जशीट दाखिल की है। इसके खिलाफ कांग्रेस ने देशभर में प्रदर्शन किया। पार्टी का आरोप है किसरकार राजनीतिक विरोधियों को दबाने ईडी का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस राज्य मुख्यालयों में ईडी कार्यालयों के सामने,राज्यों में जिला स्तर पर केंद्र के कार्यालयों के सामने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन कर रही है। इसके बाद स्थिति को देखते हुए पुलिस भी वहां पहुंच गई है और कई लोगों को हिरासत में ले लिया है। कांग्रेस ने दिल्ली, बिहार, रांची और उत्तर प्रदेश में प्रदर्शन किया। ईडी दफ्तर का घेराव भी किया।

**ये बोले कांग्रेस नेता**

### एजेंडा सिर्फ विपक्ष को परेशान करनाः प्रतापगढ़ी

केंद्र के खिलाफ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में अब पार्टी सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि जिस एजेंसी के जरिए लड़ाई को कोर्ट तक ले जाया गया है, उसकी मंशा सिर्फ विपक्ष को परेशान करने की है। गुजरात में सत्र होता है, राहुल गांधी मोडासा पहुंचते हैं और यहां चार्जशीट दाखिल हो जाती है। आप क्रोनोलॉजी समझिए।

### राजनीति से प्रेरित मामला



केंद्र के खिलाफ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस नेता सचिन पायलट का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि यह राजनीति से प्रेरित मामला है। हमें न्याय व्यवस्था पर भरोसा है। हम कानूनी रूप से इसका मुकाबला करेंगे।

### कांग्रेस नेता ने साधा केंद्र सरकार पर निशाना

# दो विचारधाराओं की लड़ाई में कांग्रेस ही भाजपा को हरा सकती है : राहुल

एजेंसी ▶▶ मोडासा (गुजरात)



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि गुजरात में पार्टी कार्यकर्ता भले ही "हतोत्साहित" दिख रहे हैं, लेकिन केवल उनकी पार्टी ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा को हरा सकती है। एक सप्ताह में गुजरात की अपनी दूसरी यात्रा के दौरान कांग्रेस सांसद ने राज्य में संगठन को नया रूप देने के लिए रोडमैप पेश किया और पार्टी के उन नेताओं को हटाने का वादा किया जो या तो निष्क्रिय हैं या भाजपा के लिए काम करते हैं। गांधी गुजरात में संगठन को नया रूप देने के कांग्रेस के प्रयासों के तहत जिला इकाइयों को मजबूत करने की प्रायोगिक योजना शुरू करने के बाद अरवल्ली जिले के मोडासा शहर में बूथ स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। गुजरात में 2027 के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 96 दिनांक 01.04.2025 धारा 140(3) BNS 2023 थाना अर्बन एस्टेट रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे -**



नाम - जानकी
पिता/पति- पुत्री भगवत
पता - निवासी न्यू विशाल नगर रोहतक
उम्र- 14 वर्ष
कद- 5 फुट ।
हुलिया - रंग सांवला, गोल चेहरा।
पहनावा - काले रंग की लोवर, पीले रंग की टी शर्ट व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए।

दिनांक 10.04.25 को जानकी पुत्री भगवत निवासी न्यू विशाल नगर रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना अर्बन एस्टेट रोहतक- 7082999122
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना अर्बन एस्टेट रोहतक- 99416775477

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 138 दिनांक 10.04.2025 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना सांपला जिला रोहतक ।**

गुमशुदा की पहचान बारे



नाम - अंग्रेज
पिता/पति- पुत्र रामफल
पता- निवासी ईस्माईला 11-बी जिला रोहतक
उम्र- 45 वर्ष
कद-5 फुट 2 इंच ।
हुलिया. - रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर ।
पहनावा - सफेद रंग का कुर्ता पजामा व पैरों में सफेद रंग के जूते पहने हुए।

दिनांक 10.04.25 को अंग्रेज पुत्र रामफल निवासी ईस्माईला 11-बी जिला रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 9896901850

पीआरडीएच-1084/11/3282/2026/33936/88/6 दि. 16.04.2025


### राजभवन को शिवाजी महाराज के स्मारक में बदलें

# हिंदुत्व को नहीं छोड़ा है, लेकिन भाजपा का 'सड़ा हुआ' संस्करण स्वीकार्य नहीं : उद्धव

एजेंसी ▶▶ नासिक



शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को कहा कि उन्होंने हिंदुत्व की विचारधारा का त्याग नहीं किया है, लेकिन उनकी पूर्व सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का हिंदुत्व का 'सड़ा हुआ' संस्करण उन्हें स्वीकार्य नहीं है। ठाकरे ने उत्तर महाराष्ट्र के नासिक में शिवसेना (उबाठा) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह भी सुझाव दिया कि राज्य की भाजपा-नीत सरकार को मुंबई में राजभवन परिसर को छत्रपति शिवाजी महाराज के स्मारक में बदल देना चाहिए तथा राज्यपाल आवास किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित कर देना चाहिए। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर भाजपा वास्तव में 17वीं सदी के मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज का सम्मान करती है तो केंद्र सरकार को उनकी जयंती पर देशव्यापी अवकाश घोषित करना चाहिए।

### एटीएम ऑन व्हील्स... भारत में 'पहली बार' ट्रायल के तौर पर ट्रेन में लगाई गई एटीएम

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने ट्रेनों में ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम) लगाकर सफल परीक्षण किया है। जो अपने आप में सबसे बड़ी पहल है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसका वीडियो भी साझा किया है। जिसमें एटीएम को ट्रेन में कहां लगाया गया है, इसे समझाया गया है। इस खास पहल का मकसद जनता को ट्रेन के सफर के दौरान भी पैसे निकालने की सुविधा देना है। इस तरह का पहला प्रयोग महाराष्ट्र की मनमाड-सीएसएमटी पंचवटी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12110) में किया गया है। इस पहल को – एटीएम ऑन व्हील्स - नाम दिया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस एटीएम की वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर शेयर की है, जो खूब चर्चा में है।

### उत्तर भारत में बढ़ रहा पारा

# राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर जारी जैसलमेर में तापमान 46 डिग्री पहुंचा

एजेंसी ▶▶ जयपुर



राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर जारी और बुधवार को जैसलमेर में 46 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि दिन के समय जैसलमेर सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विभाग के अनुसार, जैसलमेर के बाद फलौदी में अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने बताया कि बाड़मेर, गंगानगर, जोधपुर, चित्तौड़गढ़, चूरू और जालौर में क्रमशः 44.5 डिग्री, 44.3 डिग्री, 43.2 डिग्री, 43.0 डिग्री, 42.6 डिग्री और 42.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार, राज्य में अन्य स्थानों पर दिन का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। विभाग ने बताया कि राज्य में गर्मी का दौर अभी जारी रहने का अनुमान है।

# महागठबंधन को इस बार बिहार से महा आस, कांग्रेस ने तेज किया अभियान

## सीट बंटवारे पर राजद नेता तेजस्वी की बैठक आज

शिशिर सोनी ▶▶ नई दिल्ली

- शनि और रविवार को बिहार में दो रैली करेंगे कांग्रेस अध्यक्ष खडगे

कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 19 और 20 अप्रैल को बिहार के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। दिल्ली में राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ बात मुलाकात के बाद कांग्रेस अध्यक्ष का दौरा आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण है। इस दौरे का उद्देश्य महागठबंधन (कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद), और अन्य सहयोगी दलों) को मजबूत करना, कार्यकर्ताओं में जोश भरना और गठबंधन के भीतर सीट बंटवारे जैसे मुद्दों पर सहमति बनाना है। 19 अप्रैल को खड़गे बक्सर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। बक्सर महागठबंधन के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र है, और यहां उनकी रैली का लक्ष्य स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट करना होगा।

20 अप्रैल 2025 को पटना में कांग्रेस पार्टी रैली के माध्यम से दमखम दिखाने की कोशिश करेगी। रैली में गठबंधन के प्रमुख नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। इस दौरान वे बिहार के सियासी हालात, चुनावी रणनीति और गठबंधन की एकजुटता पर जोर देंगे। मुख्यमंत्री और जदयू नेता नीतीश कुमार की तबियत नासाज रहने की वजह से महागठबंधन इसबार बेहतर स्पेस दिख रहा है। यही वजह है कि आक्रामक चुनाव लडने के मूड में है। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने इसबार कमर कस ली है। चुनाव तो गठबंधन में ही लडने की योजना है लेकिन अपना खोया जनाधार पाने की ललक शीर्ष नेतृत्व में स्पष्ट झलक रही है। यही वजह रही कि पिछले चार महीने में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तीन बार बिहार दौरे पर आए। हर बार विपपक्षी एका का संदेश दिया। पहली बार राजद सुप्रीमो लालू यादव के घर जाकर चुनावी रेसिपी के साथ चंपारण मीट की रेसिपी पर चर्चा की।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | बाल ग्राम, राई जिला सोनीपत में हॉल में ओडियो वीडियो सिस्टम का प्रावधान। | 16.04.2025 22.04.2025 | 4.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-kamal@hry.nic.in |
| 2 | महानिदेशक, राज्य परिवहन हरियाणा चण्डीगढ़ | हरियाणा रोडवेज की बसों के लिए अगले एक वर्ष आवश्यकता हेतु एल्यूमीनस रिवेट्स सहित एस्बेसटोस फ्री ब्रेक लाइनिंग और क्लच फेसिंग, मूल्य लगभग ? 3.99 करोड़ की खरीद के लिए निविदा जमा करवाने के विस्तार हेतु शुद्धिपत्र सूचना। | बंद होने की तिथि 22.04.2025 | 3.99 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcstore-dst@hry.gov.in |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल नारनौल में वर्ष 2025-26 हेतु महेन्द्रगढ़ क्षेत्र में बाढ़ योजना के तहत पम्प हाउस एनडी-1 के निकट डी-वाटरिंग स्कीम। | बंद होने की तिथि 21.04.2025 | 48.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01252-251353 xen-wsmnrl.irn@gov.in |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, रोहतक में ड्रेन नं. 8 के अंदर जसिया लिंक ड्रेन आउटफॉलिंग पर शैड का प्लेटफॉर्म समेत टेल रेगुलेटर स्थाई पम्प हाउस पर डीजी सैट की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन + 2 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 21.04.2025 | 240 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 5 | सिविल सर्जन, कैथल | जिला नागरिक हस्पताल कैथल में रॉडेंट कंट्रोल सर्विस। | 17.04.2025 03.05.2025 | ईएमडी 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 dhs.csktl@hry.nic.in |
| 6 | सीईओ, जैडपी, फतेहाबाद | भुना से ढाणी सांचला तक रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी एच-879) + 14 कार्य। | 11.04.2025 22.04.2025 | 1409.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416728389 zpftb@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज, कैथल | गांव सेगा, ब्लॉक कैथल, जिला कैथल में सिसला रोड बलवान पुत्र दलीप के खेत से पिलनी रोड बारू पुत्र रूलिया के खेत तक ब्रिक पेव्ड रास्ता का निर्माण। | 15.04.2025 21.04.2025 | 20.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज, भिवानी | गांव किरावड़ ब्लॉक बवानी खेड़ा में बस स्टैंड के निकट सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 15.04.2025 22.04.2025 | 48.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज, हिसार | सिंघवा खास, हांसी2, लाइब्रेरी बिल्डिंग का निर्माण (वीएएनजीवाई) + 6 कार्य। | 15.04.2025 28.04.2025 | 52.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 10 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | जल क्रीड़ा उपकरण : किट-I-कयाकिंग और कैनोइंग स्पोर्ट्स उपकरण। 2. किट-II - रोइंग स्पोर्ट्स उपकरण जिला खेल कार्यालय, करनाल (सेंटर स्टोर)। | 16.04.2025 16.05.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/200/33942/I/88/6 दि. 16.04.25

## चीन में 'भारतीय मित्रों' का स्वागत

# अमेरिका के साथ टैरिफ युद्ध में उलझे बीजिंग ने जारी किए 85,000 वीजा, आवदेन शुल्क किया कम, ऑनलाइन अपॉइंटमेंट भी जरूरी नहीं

**चीन ने 180 दिनों से कम अवधि के लिए अल्पकालिक, एकल या दोहरे प्रवेश वाले वीजा के लिए आवेदन करने वाले लोगों को फिंगरप्रिंट जैसे बायोमीट्रिक डेटा प्रदान करने से छूट दी गई। इन परिवर्तनों के साथ-साथ, चीनी दूतावास ने वीजा आवेदन शुल्क भी कम कर दिया है।**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत स्थित चीनी दूतावास ने 1 जनवरी से 9 अप्रैल, 2025 के बीच भारतीय नागरिकों को 85,000 वीजा जारी किए। दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के एक बड़े प्रयास के तहत यह कदम उठाया गया। चीनी राजदूत जू फेइहोंग ने एक्स पर लिखा कि 9 अप्रैल, 2025 तक, भारत में चीनी दूतावास और वाणिज्य दूतावासों ने इस वर्ष चीन की यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों को 85,000 से अधिक वीजा जारी किए हैं। चीन आने के लिए अधिक से अधिक भारतीय मित्रों का स्वागत है, ताकि वे एक खुले, सुरक्षित, जीवंत, ईमानदार और मैत्रीपूर्ण चीन का अनुभव कर सकें। चीन ने यह कदम ऐसे समय में जारी कि है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लगभग हर देश पर संभावित व्यापार शुल्क लगाने की चेतावनी दी है। उनके निशाने पर विशेष तौर पर चीन है, जो वाशिंगटन का प्रमुख व्यापारिक साझेदार और आर्थिक प्रतिद्वंद्वी है।

फिंगरप्रिंट जैसे बायोमीट्रिक डेटा प्रदान करने से भी छूट दी

2023 तक चीन ने 1,80,000 वीजा जारी किए

### वीजा आवेदन शर्तों को अपडेट किया




*चीन की ओर से जारी वीजा की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। साल 2025 के पहले चार महीनों में ही 85,000 वीजा जारी किए गए हैं। जबकि साल 2023 तक 1,80,000 वीजा जारी किए गए थे। पिछले वर्ष, चीनी दूतावास ने अपने वीजा आवेदन शर्तों को अपडेट किया था और कई प्रमुख छूटें प्रदान की थीं।*

### सीधे वीजा केंद्रों पर दे सकेंगे आवेदन

भारतीय आवेदकों को अब अपने वीजा आवेदन जमा करने से पहले ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक करने की जरूरत नहीं है। इसके बजाय वे सीधे कार्य दिवसों के दौरान वीजा केंद्रों पर आवेदन जमा कर सकते हैं। वहीं 180 दिनों से कम अवधि के लिए अल्पकालिक, एकल या दोहरे प्रवेश वाले वीजा के लिए आवेदन करने वाले लोगों को फिंगरप्रिंट जैसे बायोमीट्रिक डेटा प्रदान करने से छूट दी गई। इन परिवर्तनों के साथ-साथ, चीनी दूतावास ने वीजा आवेदन शुल्क भी कम कर दिया है। आवेदकों के लिए नए, कम शुल्क लागू किए हैं।



### 'अमेरिकी टैरिफ दुरुपयोग' के खिलाफ खड़े हों

चीन ने भारत और अन्य देशों से भी अपील की कि वे 'अमेरिकी टैरिफ दुरुपयोग' के खिलाफ खड़े हों। भारत में चीनी दूतावास के प्रवक्ता यू जिंग ने पिछले सप्ताह कहा था कि भारत और चीन, दो सबसे बड़े विकासशील देशों के रूप में, अमेरिकी टैरिफ कार्रवाइयों के खिलाफ एकजुट होना चाहिए।

---

## खबर संक्षेप

### भारत सहित तीन देशों में भूकंप, जनहानि नहीं

**नई दिल्ली।** बुधवार की सुबह अफगानिस्तान और बांग्लादेश में क्रमशः 5.9 और 2.9 तीव्रता के भूकंप आए। वहीं, राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि बुधवार सुबह जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में 2.4 तीव्रता का भूकंप आया। यह भूकंप भारतीय मानक समय के अनुसार सुबह करीब 5:14 बजे अक्षांश 33.18 एन और देशांतर 75.89 ई पर आया। भूकंप की गहराई 5 किमी बताई गई है। इस दौरान कोई जान माल की हानि नहीं हुई।



### आपात स्थिति में विमान काठमांडू उतरा

**काठमांडू।** एक विमान को उसकी 'हाइड्रोलिक' प्रणाली में खराबी आने के बाद आपात स्थिति में काठमांडू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरना पड़ा, जिसमें 12 भारतीय भी सवार थे। एयरलाइन के एक अधिकारी ने बताया कि माउंट एवरेस्ट क्षेत्र के प्रवेशद्वार लुक्ला से रामेछाप जा रहे निजी कंपनी 'सीता एयर' के विमान में तकनीकी खराबी का पता चलने के बाद उसे त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया। डोर्नियर विमान में 12 भारतीय, दो नेपाली और चालक दल के तीन सदस्य सवार थे।



---

## विश्व की दो आर्थिक महाशक्तियों के बीच थम नहीं रहा टैरिफ वार

# यूएस ने चीन के 125% टैरिफ के जवाब में 245% शुल्क लगाने का किया ऐलान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्व की दो बड़ी आर्थिक महाशक्तियों के बीच टैरिफ वार थमता नहीं दिख रहा है। चीन ने अमेरिका से आयात पर 125 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान कर रखा है। अब अमेरिका ने चीन के उत्पादों पर पहले घोषित 145% की जगह 245% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आयातित खनिजों और उससे बने उत्पादों पर अमेरिकी निर्भरता के कारण पैदा हुई जोखिमों की जांच के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। व्हाइट हाउस की ओर से जारी एक दस्तावेज में कहा गया है कि चीन को अब अमेरिका पर अपनी जवाबी कार्रवाइयों के कारण 245 प्रतिशत तक टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। दस्तावेज में ट्रंप के उस दावे का हवाला दिया गया है कि 'विदेशी महत्वपूर्ण खनिजों पर अत्यधिक निर्भरता' और उनके खराब उत्पाद अमेरिकी रक्षा क्षमताओं, बुनियादी ढांचे के विकास और तकनीकी नवाचार को खतरे में डाल सकते हैं। आदेश में कहा गया है कि ट्रंप ने सभी देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया है और उन देशों पर पारस्परिक रूप से उच्च टैरिफ लगाए हैं जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा सबसे अधिक है। व्हाइट हाउस ने कहा कि 75 से अधिक देश पहले ही नए व्यापार समझौतों पर चर्चा करने के लिए संपर्क कर चुके हैं। इसे देखते हुए चीन को छोड़कर अन्य देशों पर लगने वाला जवाबी टैरिफ फिलहाल टाल दिया गया है। अमेरिका के अनुसार चीन ने जवाबी कार्रवाई की है इसलिए चीन के उत्पादों पर अमेरिका में आयात पर 245 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया जाएगा।

चीन बोला- इन युद्धों को लड़ना नहीं चाहते, लेकिन इनसे डरते भी नहीं

अमेरिका बोला- विदेशी महत्वपूर्ण खनिजों पर अत्यधिक निर्भरता से तकनीकी नवाचार खतरे में

### चीन ने दुर्लभ खनिजों के अमेरिका को निर्यात पर लगाए प्रतिबंध



*ट्रंप प्रशासन के दस्तावेज में कहा गया है कि चीन ने कुछ महीने पहले अमेरिका को गैलियम, जर्मेनियम, एंटीमनी और अन्य प्रमुख उच्च-तकनीकी सामग्रियों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिनके सैन्य उपयोग की संभावना थी। इसी सप्ताह चीन छह भारी दुर्लभ रेयर अर्थ मेटल के साथ-साथ रेयर अर्थ चुंबकों के निर्यात को भी निलंबित कर दिया था। व्हाइट हाउस ने दावा किया कि इस तरह की कार्रवाई दुनिया भर में ऑटोमेकर्स, एयरोस्पेस निर्माताओं, सेमीकंडक्टर कंपनियों और सैन्य ठेकेदारों के लिए महत्वपूर्ण घटकों की आपूर्ति रोकने के लिए की गई।*

**ट्रंप प्रशासन टैरिफ के आंकड़ों का स्पष्ट ब्यौरा दे**

*245% टैरिफ पर पर प्रतिक्रिया देते हुए चीन ने कहा कि ट्रंप प्रशासन टैरिफ के आंकड़ों का स्पष्ट ब्यौरा दे। बुधवार को एक प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि अमेरिकी पक्ष को 'विशिष्ट कर दर के आंकड़े' के बारे में बताना चाहिए। लिन ने कहा कि चीन ने टैरिफ मुद्दे पर अपनी स्थिति को बार-बार साफ किया है। इससे पहले, ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार को कुछ इलेक्ट्रॉनिक सामानों को टैरिफ से छूट दी थी। उस दौरान, चीन के वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमारी अमेरिका से अपील है कि वह अपनी गलतियों को सुधारने के लिए बड़ा कदम उठाए। जवाबी टैरिफ को जैसी गलत नीति को रद्द करे और आपसी सम्मान के सही रास्ते पर लौट आए।*

### टैरिफ और व्यापार युद्धों में कोई विजेता नहीं होता

*जियान ने कहा कि टैरिफ युद्ध अमेरिका की ओर से शुरू किया गया था और बीजिंग ने अपने वैध अधिकारों और हितों और अंतरराष्ट्रीय निष्पक्षता और न्याय की रक्षा के लिए जवाबी कदम उठाए हैं। ये कदम पूरी तरह से 'उचित और कानूनी' हैं। टैरिफ और व्यापार युद्धों में कोई विजेता नहीं होता है। चीन इन युद्धों को लड़ना नहीं चाहता है, लेकिन इनसे डरता भी नहीं है। उन्होंने हाथ मिलाने और बाधाओं को दूर करने के लिए चीन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।*

### डब्ल्यूएचओ में मामला दर्ज

चीन ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूएचओ) में भी अमेरिका के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन यह बातचीत बराबरी और आपसी सम्मान पर आधारित होनी चाहिए। मंत्रालय ने यह भी कहा कि अगर अमेरिका और टैरिफ बढ़ाता है, तो चीन अब उसे नजरअंदाज करेगा।

---

## कठुआ एनकाउंटर में सेना का खुलासा

# हथियारों और विस्फोटक के साथ आए आंतकियों की लंबी थी तैयारी



एजेंसी ▶▶ कठुआ

सुफैन में ढेर किए गए आतंकियों से बरामद हथियारों को कठुआ पुलिस ने राजबाग थाने में प्रदर्शित किया। एसएसपी कठुआ शोभित सक्सेना ने बताया कि आतंकियों के साथ पुलिस की चार जगह मुठभेड़ हुई। आप्रेशन में दो आतंकी मार गिराए गए और चार हमारे सिपाही शहीद हुए। इसके अतिरिक्त जगह जगह आतंकियों को घेरकर मुठभेड़ की गई। उन्होंने कहा कि बुधवार को भी आतंकी भाग रहे हैं हम इनके पीछे हैं। बताया कि ताजा घुसपैठ के बाद चार से पांच आतंकियों की जानकारी थी। दो को ढेर कर दिया गया है, शेष बचे आतंकियों को भी ढेर कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुरक्षा को काफी बढ़ाया गया है। बार्डर से लेकर पहाड़ों तक निगरानी रखी जा रही है। विभिन्न सुरक्षाबल मिलकर काम कर रहे हैं।

### एके-47 और एम-4 बरामद

शोभित सक्सेना ने बताया कि आतंकियों से दो एके-47 हथियार और एक एम-4 के साथ भारी मात्रा में विस्फोटक भी बरामद हुए हैं। एसएसपी ने बताया कि सामान से यह यकीन किया जा सकता है कि गलत इरादे से और लंबे समय तक टिकने की तैयारी कर आए थे। यह आतंकी अब बिना सामान और हथियारों के घूम रहे हैं। सेना, पुलिस और सीआरपीएफ मिलकर इनके खिलाफ अभियान चला रहे हैं। आतंकियों की कोई बड़ी योजना है, एक चरण नाकाम किया है। उन्होंने बताया कि आतंकियों से छोटे पैकेट में चिट्टा और नसवार भी मिले हैं। विस्फोटक से पता चलता है ज्यादा दहशत फैलाने और आईईडी लगाने के ईरादे से आए थे जिसे विफल किया गया है।

### मददगारों को कतई नहीं बख्शेंगे

सक्सेना ने कहा कि आतंकी कहां हैं, हमें पता है किस इलाके में हैं, जल्द ही उन्हें भी ढेर कर दिया जाएगा। उन्होंने ऑपरेशन के दौरान आम लोगों से सुरक्षाबलों को मिल रहे सहयोग को भी सराहा। एसएसपी ने कहा कि घुसपैठ के पारंपरिक रूट अब एक्सपोज हो चुके हैं और इन्हें इन रास्तों से अब निकलने नहीं दिया जाएगा। बताया कि ओवरग्राउंड वर्करों के खिलाफ मामला दर्ज है। कुछ लोग चिन्हित किए गए हैं उनकी संलिप्तता जांची जा रही है। मददगारों को कतई बख्शा नहीं जाएगा।

---

## पीएम मोदी ने की डेनमार्क समकक्ष से बात

# विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के साथ वैश्विक घटनाक्रम पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी और डेनमार्क की पीएम मेटे फ्रेडरिकसन ने मंगलवार को टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ वैश्विक विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पीएम मेटे फ्रेडरिकसेन से बात करके खुशी हुई। भारत-डेनमार्क हरित रणनीतिक साझेदारी और हमारे लोगों के लाभ के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए हमारे मजबूत समर्थन की पुष्टि की। हमने आपसी हितों के क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर भी चर्चा की। पीएम कार्यालय के अनुसार, वर्ष 2020 में ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप की शुरुआत के बाद से दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय आदान-प्रदान को याद करते हुए पीएम मोदी और डेनमार्क की पीएम फ्रेडरिकसन ने विभिन्न क्षेत्रों में ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप के विस्तार का उल्लेख किया जिसने भारत में डेनमार्क के निवेश के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाई हैं ताकि ग्रीन ट्रांज़िशन में योगदान दिया जा सके। बता दें, दोनों नेता आगामी भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन के अवसर पर नॉर्वे में होने वाली अपनी बैठक को लेकर उत्साहित है। पीएम मोदी ने कहा कि वह इस वर्ष के अंत में नॉर्वे में आयोजित होने वाले तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन और उस समय पीएम मेटे फ्रेडरिकसन के साथ बैठक में मुलाकात की प्रतीक्षा कर रहे हैं।



---

# जयशंकर ने विदेशी राजदूतों से किया पूर्वोत्तर के राज्यों को जानने-समझने का आग्रह

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने 'नार्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट-2025' को संबोधित करते हुए विदेशी राजदूतों से अनुरोध किया कि वो देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों को अच्छी तरह से समझ कर अपने देश की सरकारों और कंपनियों को इनके बारे में बताएं। उन्होंने कहा, हर लिहाज से यह क्षेत्र केंद्र में है और समय से साथ इसकी अहमियत और बढ़ेगी। भारत की सरकार ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है। हम चाहते हैं कि आप इस क्षेत्र की विशेषताओं के बारे में भलीभांति जानें और फिर उनके बारे में अपने-अपने देशों की सरकारों और उद्योगों को बताएं। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को भी बढ़ावा देने की अपील जयशंकर ने विभिन्न देशों के राजदूतों से की।



### भारत की महत्वपूर्ण नीतियां बताई

जयशंकर ने सम्मेलन को लेकर एक्स पर पोस्ट में बताया कि पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित किए गए इस शिखर सम्मेलन में मैंने दक्षिण पूर्व एशिया के प्रवेश द्वार, पर्यटन केंद्र और वैश्विक कार्यस्थल में योगदानकर्ता के रूप में पूर्वोत्तर क्षेत्र की बढ़ती प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। मुझे विश्वास है कि आगामी पूर्वोत्तर निवेशक शिखर सम्मेलन क्षेत्र की अनेक शक्तियों का लाभ उठाएगा तथा ज्यादा से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देगा। उन्होंने भारत की पड़ोस पहले, पूर्व की ओर देखो नीति, बिम्सटेक सहित कई अन्य नीतियों में क्षेत्र की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित किया।

### त्रिपक्षीय राजमार्ग, कालादान हाईवे का जिक्र

अपने संबोधन में विदेश मंत्री ने त्रिपक्षीय राजमार्ग और कालादान हाईवे का उल्लेख करते हुए इन दोनों परियोजनाओं को बेहद महत्वपूर्ण बताया। यहां बता दें कि भारत के लिए इन दोनों परियोजनाओं का बहुत अधिक रणनीतिक महत्व है। त्रिपक्षीय राजमार्ग भारत के उत्तर पूर्व के क्षेत्र को सड़क मार्ग से म्यांमार और थाईलैंड से जोड़ता है।

---

## सुप्रीम कोर्ट का तर्क हम कानून नहीं बनाते

# क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े नियामकीय ढांचे की मांग वाली याचिका की खारिज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने क्रिप्टोकरेंसी पर नियामक ढांचे की मांग वाली याचिका पर बुधवार को विचार करने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा है कि वह इस संबंध में कानून नहीं बना सकता। क्रिप्टोकरेंसी एक डिजिटल या आभासी मुद्रा है जो क्रिप्टोग्राफी का इस्तेमाल कर सुरक्षित बनाई जाती है। इससे जालसाजी करना या दोबारा खर्च करना लगभग असंभव हो जाता है। क्रिप्टोकरेंसी ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए विकेन्द्रीकृत नेटवर्क पर मौजूद हैं। यह कंप्यूटरों के एक असमान नेटवर्क पर संचालित और वितरित किया जाता जाता है। क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ा नियामक बनाने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने दावा किया कि क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी देश भर में कई शिकायतें दर्ज की गई हैं।

### भारत सरकार के समक्ष रखें पक्ष



*वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता इस मुद्दे पर नियामक ढांचे के लिए केंद्र और अन्य को निर्देश देने की मांग कर रहे हैं, क्योंकि इसे विनियमित करने के लिए कोई कानून नहीं है। न्यायमूर्ति गवई ने पूछा कि यह नीति निर्माताओं के अधिकार क्षेत्र में है। हम ऐसा कोई निर्देश कैसे जारी कर सकते हैं? हम कानून नहीं बना सकते। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता इस मुद्दे पर भारत सरकार के समक्ष अपना पक्ष रख सकते हैं।*

### यह कार्यपालिका का अधिकार क्षेत्र

वकील ने तर्क दिया कि कई याचिकाकर्ताओं ने विभिन्न पुलिस प्राधिकारियों से संपर्क किया, लेकिन इस मुद्दे पर कोई नियामकीय नीति मौजूद नहीं है। पीठ ने कहा कि याचिका में की गई प्रार्थनाएं विधायिका और कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में हैं। इसलिए, हम याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं हैं। पीठ ने कहा कि यदि याचिकाकर्ता चाहें तो वे उचित प्राधिकारी के समक्ष विचार के लिए अपना अभ्यावेदन दे सकते हैं। पिछले साल जनवरी में, केंद्र ने शीर्ष अदालत को बताया था कि क्रिप्टोकरेंसी को विनियमित करने पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

---

## भारत ने यूएनएससी को लताड़ा, कहा

# नई सुरक्षा परिषद में धर्म, आस्था जैसे मानदंड क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के विपरीत

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** भारत ने नयी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में धर्म और आस्था जैसे नए मानदंडों को प्रतिनिधित्व के आधार के रूप में शामिल करने के प्रयासों की आलोचना की और कहा है कि यह क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के स्वीकृत आधार के पूरी तरह विपरीत है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने 'भविष्य की परिषद का आकार और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व पर क्लस्टर चर्चा' पर अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) बैठक में कहा कि जो लोग नियम आधारित वार्ता का विरोध करते हैं वे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधारों पर प्रगति नहीं चाहते हैं।

### बगैर विस्तार के सुधार संभव नहीं



*पी. हरीश ने कहा कि उन्होंने कहा कि ऐसे तर्क कि विस्तारित एवं नयी सुरक्षा परिषद प्रभावी नहीं होगी, वास्तविक सुधारों को रोकने का प्रयास है। उचित कार्य पद्धतियों और जवाबदेही तंत्र युक्त नयी परिषद अहम वैश्विक मुद्दों पर सार्थक ढंग से काम करने में सक्षम होगी। एक ऐसा मॉडल जिसमें स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में विस्तार नहीं हो वह सुधार के उद्देश्य को हासिल नहीं कर सकेगा और इससे स्थिति यथावत रहेगी।*

### रूस के बाद फ्रांस ने भारत को दिया समर्थन

रूस के बाद फ्रांस ने कहा है कि भारत, जर्मनी, ब्राजील और जापान को यूएनएससी की स्थायी सदस्यता मिलनी चाहिए। फ्रांस की तरफ से यूनाइटड नेशंस जनरल असेंबली को लिखे गये एक ईमेल में फ्रांस ने कहा है कि हम ब्राजील, भारत, जर्मनी और जापान के साथ साथ अफ्रीकी देशों के लिए दो स्थायी सदस्यता सीट की मांग करते हैं।

---

## मंगल पर है एलियंस का ठिकाना! नासा की नई खोज से दुनिया हैरान


# दिखे ऐसे गड्ढे जो विशाल भूमिगत गुफाओं में जाते हैं...

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नासा ने मंगल ग्रह पर एलियन के पाए जाने की संभावना जाहिर की है। नासा के मुताबिक मंगल पर एक रहस्यमय गड्ढा एक विशाल भूमिगत सुरंग नेटवर्क में एलियनों को छिपाकर रख सकता है। वैज्ञानिकों ने मंगल ग्रह की ऑर्बिट से एक गहरे गड्ढे की तस्वीर ली है, जो ऐसा लगता है कि वो भूमिगत सुरंगों में जाता है। नासा ने लिखा कि इस जगह कई गड्ढे हैं। जिनमें से केवल एक को छोड़कर सभी में धूल भरी, अंधेरी, मंगल की सतह दिखाई देती है। सबसे असामान्य गड्ढा ऊपरी दाईं ओर है, जो लगभग 100 मीटर चौड़ा है और ऐसा लगता है कि यह निचले स्तर तक जाता है। नासा ने कहा कि यह साफ नहीं है कि इस गड्ढे के बनने का कारण क्या है? बहरहाल वैज्ञानिक मानते हैं कि इसके चारों ओर का गोलाकार क्रेटर यह संकेत देता है कि यह एक उल्का प्रभाव से बना है।

**सबसे असामान्य गड्ढा 100 मीटर चौड़ा**

**प्राकृतिक रूप से बनी सुरंगें अधिक सुरक्षित**

### गड्ढे निचले स्तरों के प्रवेश द्वार



नासा ने कहा कि ऐसे गड्ढे विशेष रुचि के होते हैं क्योंकि वे निचले स्तरों के प्रवेश द्वार हो सकते हैं जो विशाल भूमिगत गुफाओं में जाते हैं। यदि ऐसा है, तो ये प्राकृतिक रूप से बनी सुरंगें मंगल की कठोर सतह से अपेक्षाकृत सुरक्षित हो सकती हैं। जिससे वे मंगल ग्रह पर जीवन को बचाए रखने के लिए अपेक्षाकृत अच्छी बात साबित हो सकती है। नासा ने कहा कि इसलिए, ये गड्ढे भविष्य के अंतरिक्ष यान, रोबोट और यहां तक कि मानव अंतरग्रहीय खोजकर्ताओं के लिए प्रमुख लक्ष्य भी हैं।

### मंगल ग्रह की सतह पर ही विकिरण से हालात खतनाक

मंगल ग्रह का वातावरण पृथ्वी की तुलना में बेहद खराब है। यहां तापमान में बहुत ज्यादा उतार-चढ़ाव होता है। मंगल ग्रह की सतह पर ही विकिरण होता है जो मनुष्यों के लिए बेहद हानिकारक होगा। इसीलिए नासा अपने भविष्य के मानव खोजकर्ताओं के लिए भूमिगत निवास पर विचार कर रहा है। मंगल ग्रह पर मनुष्यों को इन खतरों का सामना करने में कठिनाई होगी। इसलिए माना जा रहा है कि एलियन को भी ऐसे ही हालात का सामना करना पड़ेगा। मंगल की गुफाएं कुछ ऐसी जगहें हो सकती हैं, जहां मनुष्य यह पता लगा सकते हैं कि क्या मंगल पर कभी जीवन था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25